दैनिक
मिशन नेशनल न्यूज
Mission of Truth
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़े : www.missionnationalnews.com
वर्ष-2 अंक-353 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार,शुक्रवार , 20 दिसंबर 2024

संक्षिप्त समाचार

मायावती ने अमित शाह की टिप्पणी को बताया आंबेडकर की गरिमा पर आघात, बयान वापसी की मांग

लखनऊ

संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने इसे बाबा साहेब की गरिमा पर आघात बताते हुए अमित शाह से अपने बयान को वापस लेने की मांग की है।

मायावती ने कहा, कि अमित शाह की टिप्पणी से बाबा साहेब आंबेडकर के अनुयायियों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्हें तुरंत अपनी टिप्पणी वापस लेनी चाहिए। बाबा साहेब के प्रति भाजपा की इस तरह की सोच को देश के लोग कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की ऐसी कोई भी राजनीतिक चाल सफल नहीं होगी।

बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा, कि कांग्रेस ने भी हमेशा डॉ. आंबेडकर का विरोध किया है। बाबा साहेब ने खुद दलितों को कांग्रेस से दूर रहने की सलाह दी थी। यहां बताते चलें कि इस बयान से पहले मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा था, कि दलितों और अन्य वंचित वर्गों के लिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर भगवान के समान हैं। उनके द्वारा संविधान में दिए गए कानूनी अधिकारों की वजह से इन वर्गों को जीवन का स्वर्ग प्राप्त हुआ है।

बीजेपी ने संसद में बाबा साहेब का अपमान किया

नई दिल्ली

राज्यसभा में बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान ने देश की राजनीति में हलचल मचा दी है। कांग्रेस और विपक्षी दल इसे लेकर शाह और बीजेपी पर हमलावर हैं। इस बीच दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एनडीए के साथी दलों जेडीयू और टीडीपी के मुखिया नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को पत्र लिखा है। केजरीवाल ने पत्र में दोनों नेताओं से कहा कि लोगों को लगता है कि बाबा साहेब को चाहने वाले बीजेपी का समर्थन नहीं कर सकते।

आप भी इस पर विचार करें। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने संसद में बाबा साहेब का अपमान किया है।

बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल ने लिखा कि मैं आपको यह पत्र एक अत्यंत अहम विषय पर लिख रहा हूं, जो न केवल हमारे संविधान बल्कि बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिष्ठा से जुड़ा है। केजरीवाल ने लिखा हाल ही में संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब के नाम पर जो टिप्पणी की उसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। उनका कहना है कि आंबेडकर...आंबेडकर बोलना आजकल फैशन बन गया है न केवल अपमानजनक है, बल्कि बीजेपी की बाबा साहेब और हमारे संविधान के प्रति सोच को उजागर करता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा,हमें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए उच्च तकनीकी कौशल अपनाने की जरूरत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा,हमें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए उच्च तकनीकी कौशल अपनाने की जरूरत

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत पहले आधुनिक हथियारों और तकनीकी क्षेत्र में पीछे था, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व गति से कदम बढ़ाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से बदल रहा है, और हमें भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए उच्च तकनीकी कौशल अपनाने की जरूरत है। उन्होंने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से कहा कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों पर काम करें और देश की धरोहर को न भूलें।

रक्षा मंत्री आईआईटी दिल्ली में इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग के वार्षिक सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई तकनीकें आने वाले समय में हर क्षेत्र में बड़ा प्रभाव डालेंगी। उनका कहना था कि भारत अभी इस तकनीकी विकास के शुरूआती चरण में है, लेकिन हमारा लक्ष्य इन तकनीकों पर काबू पाना है, ताकि भविष्य में इन्हें लोगों की भलाई के लिए इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहा, ह्यपहले भारत आधुनिक हथियारों और तकनीकी मामलों में पीछे था, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के रास्ते पर भारत ने तेजी से कदम बढ़ाए हैं।

उन्होंने ह्यइनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंसह्ल और ह्यटेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड (iDEX) जैसी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ये योजनाएं युवाओं को प्रोत्साहित कर रही हैं, ताकि उनकी तकनीकी क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र की उन्नति में हो सके। बता दें, [illegible] को साल 2018 में नवाचारों को बढ़ावा देने और रक्षा तथा एयरोस्पेस क्षेत्र में तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक इको-सिस्टम बनाने के लिए लॉन्च किया गया था।

उन्होंने आगे कहा कि भारत आज ऐसे हथियारों का निर्यात कर रहा है, जिन्हें पहले वह आयात करता था, और यह एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। रक्षा मंत्री ने आईआईटी और डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन) के योगदान की सराहना की और कहा कि भविष्य में उद्योग, अनुसंधान संगठनों और अकादमिक संस्थानों के बीच बेहतर सहयोग जरूरी है। साथ ही यह विश्वास भी जताया कि भारत जल्दी ही वैश्विक मंच पर तकनीकी दृष्टि से एक मजबूत स्थिति हासिल करेगा।

याचिका दायर करने में देरी पर संपत्ति अधिकार से नहीं कर सकते वंचित

नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर करने में देरी को लेकर कहा कि यह अहम फैक्टर है, लेकिन इसके आधार पर किसी शख्स को संपत्ति के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में कथित अनियमितता से जुड़ी याचिका को 21 साल की देरी के बाद स्वीकार किया है। कोर्ट ने 13 दिसंबर को दिए फैसले में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने लगातार यह माना है कि संपत्ति का अधिकार संविधान में निहित है। निष्पक्षता और मनमानी से बचने के लिए प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों का पालन किया जाना चाहिए, विशेष रूप से राज्य की ओर से अधिग्रहण के मामलों में।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करने में देरी को अहम माना है, लेकिन कहा कि संपत्ति के अधिकार की रक्षा के लिए इस देरी को हम माफ करते हैं। आर्टिकल 300ए में निहित संपत्ति के अधिकार की रक्षा करने की जरुरत पर देरी को प्राथमिकता नहीं दी जा सकती है। कानूनी कार्यवाही में संतुलन बनाना जरूरी है। व्यक्तिगत संपत्ति की रक्षा और उसे मान्य करने का अधिकार केवल देरी और निष्क्रियता के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता।

शहरी सुधार ट्रस्ट की ओर से दायर चार अपीलों को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इन अपीलों में राजस्थान हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसने राजस्थान शहरी सुधार अधिनियम के तहत भूमि मालिकों की जमीन के अधिग्रहण को रद्द कर दिया था। यह मामला दो अलग-अलग भूमि अधिग्रहण से संबंधित है। जमीन राजस्थान के अलवर के नांगली कोटा भूमि और मूंगस्का में स्थित हैं। इन जमीनों का अधिग्रहण किया गया था। दोनों अधिग्रहण प्रक्रियाओं को भूमि मालिकों ने 1998 में राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला आया था कि क्या भूमि अधिग्रहण के खिलाफ मालिकों की ओर से रिट याचिका दाखिल करने में देरी घातक थी?

उत्तराखण्ड राज्य में संचालित अवैध मदरसों मे बाहरी राज्यों के बच्चों को पढ़ने की खबरो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य में संचालित अवैध मदरसों मे बाहरी राज्यों के बच्चों को पढ़ने की खबरो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक,अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड द्वारा राज्य के सभी जिलों में मदरसों की गहन जांच के लिए निर्देश निर्गत किए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य अवैध रूप से संचालित मदरसों की पहचान करना, उनके फंडिंग स्त्रोतों का सत्यापन करना और मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के वास्तविक विवरण की जानकारी प्राप्त करना है।

पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड द्वारा दिये निर्देशों के मुख्य बिंदु:

पंजीकरण की जांचः

सभी मदरसों के पंजीकरण तथा अवैध और बिना पंजीकरण के संचालित मदरसों की पहचान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

मदरसों मे शिक्षारत बच्चों का सत्यापनः

मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों विशेषकर बाहरी राज्यों से लाए गए बच्चों की पहचान सुनिश्चित करें।

फंडिंग की जांचः

मदरसों को मिलने वाली फंडिंग के स्त्रोतों का सत्यापन किया जाए।

पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था/मुख्य प्रवक्ता पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड, श्री नीलेश आनन्द भरणे द्वारा अवगत कराया गया कि , माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राज्य में संचालित सभी मदरसों की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। यह जांच प्रक्रिया बच्चों की सुरक्षा और राज्य में कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी मदरसे कानूनी ढांचे के भीतर कार्य करें।

सभी जनपदों को एक माह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

राहुल पर एफआईआर, धक्का-मुक्की मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

नई दिल्ली,

संसद परिसर में गुरुवार सुबह हुए धक्का-मुक्की कांड को लेकर अब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर एफआईआर कराई गई है। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत के घायल होने को लेकर पुलिस ने राहुल पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर भाजपा पर आरोप लगाते हुए अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार की शिकायत की है। इससे सियासत गरमा गई है।

संसद परिसर में सुबह हुए धक्का-मुककी कांड को लेकर ओडिशा के बालासोर से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिर गया। इस घटना में सारंगी के सिर में चोट लगने की बात कही गई है और उनके साथ ही फरुर्खाबाद के सांसद मुकेश राजपूत भी चोटिल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाने और संसद में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की और धक्का दिया। वहीं कांग्रेस नेताओं का दावा है कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी। मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेताओं ने भी भाजपा पर दुर्व्यवहार और धक्का-मुक्की का आरोप लगाया।

राहुल के खिलाफ लगाई गई धाराएं

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल गांधी के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया है। इन धाराओं में धारा 109ः हत्या का प्रयास। धारा 115ः चोट पहुंचाने के इरादे से काम करना। धारा 117ः जान-बूझकर गंभीर चोट पहुंचाना। धारा 125ः निजी सुरक्षा को खतरे में डालना। धारा 131ः धक्का देना और डराना-धमकाना। धारा 351ः धमकी देना। प्रमुख हैं।

कांग्रेस का पलटवार

कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला, और प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ बदसलूकी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने भाजपा पर संसद परिसर में गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया है।

शाह के बयान पर बाबा साहेब के पोते प्रकाश आंबेडकर ने कहा- यह इन लोगों की पुरानी मानसिकता

मुंबई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर दिए बयान को लेकर संसद से सड़क तक हंगामा मचा हुआ है। इस बीच भीमराव आंबेडकर के पोते और बहुजन वंचित अघाड़ी पार्टी के नेता प्रकाश आंबेडकर का भी बयान आ गया है। उन्होंने शाह के बयान को लेकर कहा कि यह इन लोगों की पुरानी मानसिकता है। उन्होंने कहा, भाजपा के अस्तित्व में आने से पहले भी जनसंघ और आरएसएस ने बाबासाहेब का विरोध किया था। ऐसा तब किया गया, जब संविधान को अपनाया जा रहा था।

आंबेडकर ने कहा कि ये लोग तब भी सफल नहीं हुए थे और आज भी सफल नहीं हो सकते है। उन्होंने कहा, यह कोई नई बात नहीं है। वे अपने पुराने प्लान लागू नहीं कर सके हैं। इसकी वजह कांग्रेस नहीं बल्कि बाबासाहेब आंबेडकर हैं। बता दें कि भीमराव आंबेडकर पर शाह के बयान पर विवाद थमा नहीं है। कांग्रेस उनके इस्तीफे की मांग कर रही है। वहीं राजद सुप्रीमों लालू यादव का कहना है कि शाह को राजनीति से ही इस्तीफा दे देना चाहिए।

दरअसल राज्यसभा में शाह ने कहा था कि इन दिनों आंबेडकर-आंबेडकर कहना फैशन बन गया है। इतना यदि ये भगवान का नाम लेते तब 7 जन्मों तक के लिए स्वर्ग मिल जाता। इस पर प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि भगवान का नाम लेना तब फिर एक तरह से मनुवाद को ही स्वीकार करना हुआ। प्रकाश आंबेडकर ने इस बीच महाराष्ट्र के परभणी में हुई हिंसा का मुद्दा भी उठाया।

दानव नहीं नशेबाज

बीते सोमवार सुप्रीम कोर्ट ने नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में संवेदनशील व्यवहार व मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। इस मुहिम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अदालत ने दोटूक शब्दों में कहा कि नशे की लत के शिकारों का दानवीकरण करने के बजाय उनके उपचार व पुनर्वास को प्राथमिकता बनाया जाए। यह हकीकत है कि हाल ही के वर्षों में विभिन्न घातक नशीले पदार्थों का प्रयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन ऐसे लोगों के प्रति समाज में दुराग्रहपूर्ण नकारात्मकता होती है। समाज को ऐसे लोगों की पहचान संवेदनशील ढंग से करके, उन्हें इस लत से बचाने के लिये मनोवैज्ञानिक प्रयास करने चाहिए। निस्संदेह, कठोर व्यवहार करने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। चिंता की बात यह है कि देश के तमाम इलाकों में नशे की दलदल के विस्तार की खबरें आ रही हैं। लेकिन उस अनुपात में सरकारों की तरफ से इस चुनौती के मुकाबले युद्धस्तर पर पहल होती नजर नहीं आ रही है। वहीं समाज की उदासीनता भी चिंता बढ़ाने वाली है। निस्संदेह, हमें नशे करने वालों को खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखने के बजाय, समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करना चाहिए। समाज के कठोर व तिरस्कारपूर्ण व्यवहार के चलते नशे के शिकार लोग और गहरी दलदल में उतरते चले जाते हैं। यदि हम इन युवाओं में नशे की दलदल से निकलने इच्छाशक्ति पैदा करें तो नशे के खिलाफ हमारी जंग कामयाब हो सकती है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि उनके प्रति नकारात्मक धारणा व उपेक्षा से उपजे मनोवैज्ञानिक द्वंद्व से व्यक्ति गहरे नशे की ओर उन्मुख हो जाता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब हमने वर्ष 2047 तक नशामुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है तो उसे पाने के लिये कारगर रणनीति अपनाने की भी जरूरत है। विशेषकर सामाजिक स्तर पर व्यापक व्यावहारिक पहल, जो जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव का वाहक बन सके। यह तार्किक है कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ को कहना पड़ा कि नशे की लत के शिकार लोगों को अपराधी की तरह देखना गलत है। निश्चित रूप से विभिन्न हितधारकों मसलन केंद्र व राज्य सरकारों, नागरिक समाजों, परिवारों व शैक्षणिक संस्थानों को संकट से निपटने के लिये खुलकर की जाने वाली चचाओं पर ध्यान देना चाहिए। इसके विपरीत यदि हम उन्हें अपराधियों की तरह देखते रहे तो उन्हें हम पतन के गर्त की ओर उन्मुख कर देंगे। हम स्वीकार करें कि देश के युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। उन्हें करुणा और संवेदनशीलता की दृष्टि से देखे जाने की जरूरत है ताकि उन्हें अपनी स्थिति पर आत्ममंथन का मौका मिल सके। दरअसल, नशे के शिकार ये लोग इस नशे की नदी की छोटी मछलियां हैं। बड़ी मछलियां तो नशीली दवाओं के व्यापारी और तस्कर हैं। जो एक फलते-फूलते अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा हैं। जो कानून व पुलिस की गिरफ्त में आने से बचने के लिये धनबल से तमाम तरीके इजाद कर लेते हैं। इसे पंजाब के हालात के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, यह सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के चक्रव्यूह में फंस रहा है। साल की शुरूआत में अत्यधिक नशे की डोज से मरने की घटनाओं से पंजाब हिल गया था। जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में युवाओं की माताओं व बहनों को शामिल किया जाए। परिवार का भावनात्मक संबल कई युवाओं को नशे की अंधी गलियों से बाहर निकालने में सहायक होगा। लेकिन नशे के खिलाफ अभियान चलाने के बड़े-बड़े दावे करने वाले तंत्र को बरनाला में नशे के खिलाफ बुलंद आवाज उठाने वाले एक सरपंच की हत्या पर आत्ममंथन करना चाहिए। सोचना होगा कि यदि समाज में नशे के खिलाफ उठने वाली आवाजों को संरक्षण न दिया गया

दिल तो पागल है; तर्कपूर्ण सत्य या भ्रम

सुमन शर्मा, अध्यापिका,

दिल्ली सरकार

अंकशास्त्र के अनुसार अंक 4 का स्वामी ग्रह राहू हैं ' राहू व्यक्ति के जीवन में भ्रम, जुनून, उलझन की स्थितियाँ उत्पन्न करता हैं, जिसके कारण व्यक्ति घटनाओं और अनुभवों को तर्क के आधार पर न देख पाता हैं और न समझ पाता हैं ' राहू के प्रभाव विशेषकर नकारात्मक प्रभाव के कारण व्यक्ति स्थितियों का सही चिंतन, मनन और विश्लेषण नहीं कर पाता ' इसके परिणाम स्वरुप वह सही समय पर सही निर्णय नहीं ले पाता ' प्राय: ऐसा पाया गया हैं कि राहू से प्रभावित व्यक्ति अक्सर दूसरों के बहकावे में बहुत जल्द आ जाता हैं ' उसके विचारों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर दूसरों का प्रभाव सरलता से जाना और पहचाना जा सकता हैं '

दोनों स्थितियों को समन्वित रूप से देखने पर हम जान पाते हैं कि चंद्रमा और कर्क राशि का साथ अर्थात अति भावनात्मकता, व्यक्ति दिल से सोचेगा और उस पर 4 अंकीय राहू, भावनाएँ तर्क रहित, उलझन से भरी और दूसरों की सलाह के प्रभाव में रहेंगी ' अत: व्यक्ति जीवन की घटनाओं और अनुभवों के प्रति हमेशा एक अस्पष्ट स्थिति में रहेगा ' वो कहते हैं न कि राहू का साथ दिल की भावनाओं और व्यक्ति की संवेदनशीलता को उद्वेलित कर देता हैं

वैदिक ज्योतिषी के अनुसार काल पुरुष की कुंडली में बारह घर (भाव) पाए जाते हैं ' कुंडली का चौथा भाव (घर) काल पुरुष का दिल हैं ' दिल अर्थात यह भाव मनुष्य की भावनाओं और संवेदनाओं का घर हैं ' इस चौथे भाव में कर्क (4 अंक) राशि का स्थान हैं ' कर्क राशि का स्वामी ग्रह चंद्रमा हैं '

इस दृष्टि से चंद्रमा भावनाओं और संवेदनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला ग्रह हैं ' कर्क राशि जल तत्वीय राशि हैं ' जल एक ऐसा तरल हैं जिसमें बहुतायत में अन्य द्रव्य व ठोस सहजता से मिल जाते हैं ' इसलिए इस राशि से प्रभावित व्यक्ति भी लघु समयावधि के लिए हर स्थान पर समंजित हो जाते हैं ' यहाँ ध्यान दीजिए कि लघु समयावधि शब्द का प्रयोग इसलिए किया गया हैं क्योंकि जल अस्थिर होता हैं और सदा बहता रहता हैं ' अतः इस राशि से प्रभावित व्यक्तियों में स्थिरता का अभाव रहता हैं ' हम सब जानते हैं कि एक व्यक्ति की भावनाएँ कभी भी स्थिर नहीं रहती ' जैसे - जल में सदा लहरें उठती रहती हैं वैसे ही दिल में भी भावनाएँ हमेशा गतिमान रहती हैं ' यहाँ सरलता से यह भी समझा जा सकता हैं कि इस राशि के व्यक्ति अपने जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए तर्क आधारित स्थायी और ठोस निर्णय नहीं ले पाते ' वरन इनके निर्णयों में भावनात्मकता का पुट अधिक पाया जाता हैं ' अति भावनात्मक और संवेदनशील होने के कारण इनके व्यक्तित्व, सोच और व्यवहार पर दूसरे व्यक्तियों की सोच और व्यवहार का अच्छा और बुरा प्रभाव बहुत सरलता से पड़ जाता हैं ' इस प्रभाव को कर्क राशि के व्यक्तियों के शब्दों और आचरणों में आसानी से पहचाना जा सकता हैं '

अंकशास्त्र के अनुसार अंक झ 4 का स्वामी ग्रह राहू हैं ' राहू व्यक्ति के जीवन में भ्रम, जुनून, उलझन की स्थितियाँ उत्पन्न करता हैं, जिसके कारण व्यक्ति घटनाओं और अनुभवों को तर्क के आधार पर न देख पाता हैं और न समझ पाता हैं ' राहू के प्रभाव विशेषकर नकारात्मक प्रभाव के कारण व्यक्ति स्थितियों का सही चिंतन, मनन और विश्लेषण नहीं कर पाता ' इसके परिणाम स्वरुप वह सही समय पर सही निर्णय नहीं ले पाता ' प्रायः ऐसा पाया गया हैं कि राहू से प्रभावित व्यक्ति अक्सर दूसरों के बहकावे में बहुत जल्द आ जाता हैं ' उसके विचारों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर दूसरों का प्रभाव सरलता से जाना और पहचाना जा सकता हैं '

दोनों स्थितियों को समन्वित रूप से देखने पर हम जान पाते हैं कि चंद्रमा और कर्क राशि का साथ अर्थात अति भावनात्मकता, व्यक्ति दिल से सोचेगा और उस पर 4 अंकीय राहू, भावनाएँ तर्क रहित, उलझन से भरी और दूसरों की सलाह के प्रभाव में रहेंगी ' अतः व्यक्ति जीवन की घटनाओं और अनुभवों के प्रति हमेशा एक अस्पष्ट स्थिति में रहेगा ' वो कहते हैं न कि राहू का साथ दिल की भावनाओं और व्यक्ति की संवेदनशीलता को उद्वेलित कर देता हैं ' भावनाएँ भ्रम में उलझ कर बेकाबू हो जाती हैं ' राहू व्यक्ति को अति ऊर्जा से भर देता हैं और इसलिए व्यक्ति में एक जूनून की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती हैं ' ये जूनून व्यक्ति को प्रायः अतिवादी बना देता हैं ' भावनाएँ अतिवादी हो जाए तो मेरे प्रबुद्ध पाठक समझ सकते हैं कि दिल तो पागल ही हैं '

अंकशास्त्र और ज्योतिष अध्ययन के आधार पर मुझे यहीं तथ्य समझ आया कि दिल तो पागल हैं '

भाजपा में टिकट मांगने की लगी होड़ लगाये एक दूसरे पर आरोप प्रति आरोप

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

भगवानपुर निकाय चुनाव आरक्षण सूची जारी होते ही टिकट पाने के लिए नेताओं की मारा मारी शुरू हो गई है कई नेताओं ने अपनी इच्छा जाहिर कर दी है और भाजपा के जिम्मेदार पदाधिकारियों को चुनाव लड़ने की जानकारी दे दी है भगवानपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से चुनाव लड़ने की होड लगी हुई है भाजपा के आधा दर्जन से अधिक नेता टिकट पाने के लिए एडी चोटी के जोर लगाने में लगे हुए है बड़ा नाम भाजपा नेता सुबोध राकेश का भी है जो भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके है भगवानपुर की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले देवेंद्र अग्रवाल के सुपुत्र रचित अग्रवाल ,ने भी अपने दावेदारी की है और पूर्व प्रधान नरेश सैनी ,पूर्व प्रधान अजय प्रधान , डॉ राजेश सैनी ने भी चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है इतना ही नहीं रचित अग्रवाल ने दावेदारी के साथ-साथ भाजपा की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पर बिना नाम लिए गंभीर आरोप लगाए

भाजपा नेता रचित अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जो भ्रष्टाचार पहले मकानों और बाकी कार्यों में हुआ है वो नहीं होने दिया जाएगा और सुबोध राकेश ने कहा की भ्रास्टाचारियों के लिए भाजपा मै कोई जगह नहीं है.

और सबसे बड़ी बात निकाय छेत्र अगर किसी व्यक्ति का अवैध कब्जा होगा. उसके खिलाफ अवैध कब्जो का मुकदमा होगा वो पर्चा भी नहीं भर पायेगा.सुबोध राकेश ने कहा कि मैं भाजपा का सिपाही हूं और अगर पार्टी ने मुझे टिकट दिया तो मैं पूरी मजबूती के साथ चुनाव लडूंगा और जीस तरह से भगवानपुर नगर पंचायत की सेवा मेरी माता जी द्वारा की गई मैं भी इस तरह भगवानपुर की सम्मानित जनता की सेवा करने का काम करूंगा और वही सुबोध राकेश ने कहा है कि मैंने आवेदन किया है और पार्टी से उन्हें उम्मीद है

सुल्तानपुर आदमपुर नगर पंचायत में पहली बार अध्यक्ष पद के लिए वोट डाले जाएंगे

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

हरिद्वार जनपद की सुल्तानपुर आदमपुर नगर पंचायत में पहली बार अध्यक्ष पद के लिए वोट डाले जाएंगे। नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुई हैं। जिसमें करीब 12 हजार 800 मतदाता अपना पहला अध्यक्ष चुनेंगे।यहां पर सभी दलों के जनप्रतिनिधि वोटों का समीकरण बनाने में जुट गए हैं। सुल्तानपुर आदमपुर का पहला नगर पंचायत अध्यक्ष चुनने के लिए लोग प्रतीक्षा कर रहे हैं। और बड़े उत्साहित भी हैं। नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर कृषि प्रधान इलाका है। यहा पर ज्यादातर लोग कृषि का कार्य करते हैं।सुल्तानपुर आदमपुर में अधिकतर लोग शिक्षित हैं। 2021में सुल्तानपुर आदमपुर नगर पंचायत का गठन हुआ था। जिसमे 9 वार्डो का गठन किया गया है।और जिसकी 16 हजार 447 के करीब आबादी हैं,12 हजार 800 के आसपास मतदाता हैं। इस नगर पंचायत में पिछले तीन वर्षों से नगर पंचायत के द्वारा विकास कार्य भी कराए जा रहे हैं। जरूरत के हिसाब से सड़कें, नालियां एवं प्रकाश व्यवस्था कराई जा रही है।नगर पंचायत का कार्यालय फिहलाल एक पंचायत घर में चल रहा है। कूड़े को नगर पंचायत की भूमि में डाला जा रहा हैं। और यहां भी चुनाव लड़ने वालो की लिस्ट लम्बी है।बाबू ताहिर हसन जिला पंचायत हरिद्वार उपाध्यक्ष के पद पर रहे हैं। और कांग्रेस से दो बार जिला पंचायत सदस्य रहे लक्सर विधानसभा सीट से निर्दलीय विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। और कांग्रेस के सक्रिय नेता हैं। संगठन में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। और टिकट के प्रबल दावेदार भी हो सकते हैं।पूर्व विधायक हाजी तस्लीम अहमद बहुजन समाज पार्टी से दो बार लाल ढांग से विधायक रहे हैं,और कांग्रेस पार्टी के अहम पदों पर भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। और कांग्रेस व आजाद समाज पार्टी से लक्सर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, सुलतानपुर आदमपुर में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। सक्रिय नेता है। और कांग्रेस पार्टी में भी उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। और टिकट के प्रबल दावेदार भी हो सकते हैं।अतहर हसन राही के परिवार में दो बार ग्राम पंचायत सुलतानपुर आदमपुर के प्रधान प्रतिनिधि रहे, और कांग्रेस के सक्रिय नेता हैंडॉ शमशाद व दिलशाद पन्ती दोनों भाई सक्रिय नेता हैं, दो बार ग्राम पंचायत सुलतानपुर आदमपुर के प्रधान पद के उम्मीदवार रह चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी में इनकी अच्छी पकड़ है। नदीम अहमद के पिता भी एक बार ग्राम पंचायत सुलतानपुर आदमपुर के प्रधान रहे। राजनीति में उनका अनुभव काफी अच्छा है,वरीस अहमद बड़े कारोबारी हैं। इन्होंने अभी तक कोई भी चुनाव नहीं लड़ा।पर जनता के बीच सोशल वर्क करते रहते हैं।

बृहस्पतिवार को बृजेश कुमार शर्मा ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचकर श्री संदीप गोयल जी को आवेदन सौंपा

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

नगर पालिका शिवालिक नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए 1997 से विभिन्न पदों पर रहने वाले भाजपा नेता श्री बृजेश कुमार शर्मा ने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर जिला अध्यक्ष श्री संदीप गोयल जी को अपना आवेदन पत्र दिया..

बृहस्पतिवार को बृजेश कुमार शर्मा ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचकर श्री संदीप गोयल जी को आवेदन सोपा और कहा कि मैं वर्ष 1997 से पार्टी में लगातार समर्पित होकर, विभिन्न पदों पर कार्य करता रहा हूं, और पांच बार भेल रानीपुर विधानसभा का संयोजक भी रहा हूं, मेरा पूरा परिवार भारतीय जनता पार्टी के परिवार के रूप में पार्टी की रीति नीति में विश्वास रखते हुए, निरंतर भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करते आ रहे हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नक्शे कदम पर चलते हुए, समाज को एक नई दिशा देने का काम करूंगा, उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कि अगर भारतीय जनता पार्टी संगठन ने मुझे नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का मौका दिया तो, मैं इसमें ऐतिहासिक जीत दर्ज करूंगा, और शिवालिक नगर क्षेत्र को देश का नंबर वन नगर पालिका बनाऊंगा... इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष इंद्राज दुग्गल, दर्शना सिंह जिला पंचायत सदस्य, योगेश शर्मा खेल कूद प्रकोष्ठ जिला संयोजक, जिला उपाध्यक्ष मन्नू रावत, चंद्रभान, नीलम, पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ ओम प्रकाश सिंह, आदित्य शर्मा महावीर शर्मा, संदीप गोयल, सुरेंद्र त्यागी, आनंद राजपूत, पवनदीप, प्रशांत कुमार , उपदेश चौहान, रमेश पाठक, राधे श्याम, दीपक, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य मौजूद रहे...

परम पूज्य श्री महंत 1008 स्वामी चिद् घनानन्द सरस्वती महाराज महाराज ने अपनी सेवा भावी शिष्य सच्चिदानन्द सरस्वती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार, ब्रह्मपुरी स्थित श्री चिन्मय कुटी मे विद्यानन्द सरस्वती के षोडशी समष्टि भंडारे के अवसर पर एक विशाल संत समागम आश्रम के श्री महंत स्वामी चिद् घनानन्द सरस्वती महाराज की पावन अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस अवसर पर परम पूज्य श्री महंत 1008 स्वामी चिद् घनानन्द सरस्वती महाराज महाराज ने अपनी सेवा भावी शिष्य सच्चिदानन्द सरस्वती को अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए आश्रम के श्री महंत पद पर विभूषित किया इस अवसर पर बोलते हुए आश्रम के श्री महंत चिद् घनानन्द सरस्वती महाराज ने कहा साधु संत संप्रदाय के अनुसार गुरु शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत अपनी वृद्धा अवस्था को देखते हुए गुरु अपने स्थान के संचालन हेतु योग्य शिष्य का चयन करते हैं उन्होंने कहा इस संसार में धर्म कर्म और दूसरों की सेवा ही कल्याण का मार्ग है सच्ची श्रद्धा आस्था और ईश्वर भक्ति मनुष्य का लोक और परलोक सुधार देता पट्टाभिषेक अभिषेक कार्यक्रम मेंअनेको संत महापुरुष ने भाग लिया जूना अखाड़े के महामंत्री श्री महंत राम गिरि महाराज ने कहा गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत गुरु अपने योग्य शिष्य को संत महापुरुषों की गरिमा मय उपस्थित के बीच पट्टाभिषेक अभिषेक तिलक चादर विधिक विधि विधान से धार्मिक परंपरा के अंतर्गत अपने उत्तराधिकारी के रूप में तिलक करते हैं ताकि उनके चले जाने के बाद उनके स्थान कुटिया आदि की विधिवत देखभाल हो सके तथा उनके स्थान पर आने वालों की देखभाल सेवा हो सके आश्रम आश्रम व कुटिया भी संरक्षित हो सके इस अवसर पर श्री स्वामी पूणार्नंद महाराज महंत राम गिरि महाराज स्वामी धर्मेंद्र दास महाराज स्वामी सच्चिदानंद महाराज उर्फ.जीन्नत आशुतोष गर्ग श्रीमती अंजू अरोड़ा संदीप मोगा श्रीमती अंबिका टारिया श्रीमती उर्मिला श्रीमती शशि श्री अंशु श्री गौरव स्वामी प्रेमानंद महाराज साध्वी माता भगवती गिरी श्रीमती अंबिका श्री आशुतोष श्री राजीव संदीप श्री गोपाल अतुल मैखुरी आशुतोष गर्ग संदीप मोगा सहित भारी संख्या में संत महापुरुष तथा भक्तगण उपस्थित थे सभी ने आयोजित भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया

स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को बीसी सखी बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, एनआरएलएम हरिद्वार इकाई एवं आर सेटी हरिद्वार का एक संयुक्त प्रयास

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, हरिद्वार द्वारा ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। एनआरएलएम हरिद्वार के द्वारा चिन्हित, स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं के लिए, छः दिवसीय वन जीपी-वन बीसी सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आर सेटी हरिद्वार के तत्वावधान में बुधवार से प्रारम्भ किया गया जिसके माध्यम से समूह की महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा ' प्रशिक्षण के उपरांत आईआईबीएफ मुंबई के द्वारा आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर प्रामाणिक बीसी के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाएं बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होंगी एवं इस क्रम में सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ बैंक की शाखाएं नहीं हैं, वंचित वर्ग को वित्तीय समावेशन में भागीदार बनाने की वाहक बनेंगी ' इस अवसर पर संस्थान के निदेशक श्री राजन भारद्वाज ने कहा कि, ₹यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम आशा करते हैं कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकेंगी और वंचित वर्ग को बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी '₹ उन्होंने सूचित किया कि बीसी सखी का प्रशिक्षण एवं परीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जाएंगे 'प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री नलिनीत घिल्डियाल, सहायक परियोजना निदेशक एवं जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम ने उपस्थित होकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया '

उन्होंने बताया कि समूह की ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण एवं वंचित वर्ग को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में उनकी अग्रणी भूमिका को सुनिश्चित करने की दिशा में एनआरएलएम हरिद्वार इकाई और आर सेटी हरिद्वार के द्वारा यह संगठित प्रयास किया जा रहा है ' उन्होंने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें सलाह दी कि प्रशिक्षण के दौरान समझाए जा रहे विषयों को ध्यानपूर्वक सुनना और समझना चाहिए एवं आत्मसात करना चाहिए ताकि भविष्य में बीसी सखी के रूप में कार्य करते हुए वे अपने उत्तरदायित्वों का भली प्रकार निर्वहन कर सकें ' इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत स्टॉफ सदस्य श्रीमती गीता कपूर ,सुश्री मयार्दा पाल, मोहम्मद शाकिब, श्रीमती शालू कश्यप एवं श्री राजेश कुमार उपस्थित रहे '

विद्युत विभाग के कर्मचारियों से मारपीट मामले में हरिद्वार पुलिस की कार्यवाही

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

अवर अभियंता विद्युत वितरण खंड रुड़की संदीप कुमार द्वारा इरफान उर्फ लंगड़ा आदि 04 व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत विभाग के कर्मचारीयों के साथ मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने के संबंध में शिकायत दी गई।

प्राप्त शिकायत के आधार पर कोतवाली रुड़की में मु0अ0सं0 152/24 पंजीकृत किया गया था।

कोतवाली पुलिस ने दिनांक 18.12.2024 को प्रकरण के 01 आरोपी इरफान उर्फ लंगड़ा को ग्राम जोरासी से हिरासत में लिया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

1. इरफान उर्फ लंगड़ा पुत्र मंजूर ग्राम जुरासिक जबरदस्त पुर कोतवाली रुड़की

पुलिस टीम-

1. वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राठी

2024 अभियान के रूप में बहुउद्देशीय शिविर /कैंप का आयोजन किया गया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार, विकासखंड कार्यालय बहादराबाद में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान के रूप में बहुउद्देशीय शिविर /कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का स्टाल लगाते हुए संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में विकासखंड के जनप्रतिनिधियों द्वारा कुल 10 शिकायतें प्रस्तुत की गई, जिसमें 03 शिकायतें उरेडा विभाग, 02 राजस्व विभाग, 01 जल संस्थान, 2 लोक निर्माण विभाग, 01 शिक्षा विभाग एवं 01 ग्राम्य विकास से संबंधित प्राप्त हुई। उरेडा विभाग से संदीप कुमार, परियोजना अधिकारी द्वारा एक दो एवं तीन किलो वाट वाले सोलर प्लांट में विभाग के द्वारा मिलने वाली सब्सिडी के संबंध में अवगत कराया गया, पशुपालन से चुनराज सिंह फामेर्सी अधिकारी द्वारा ऋण से संबंधित योजनाओं एवं किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में जानकारी प्रदान की गई, समाज कल्याण विभाग से शालिनी बलोदी द्वारा मौके पर विभिन्न पेंशन योजना के लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन किया गया, एवं पेंशन धारकों को अनिवार्य रूप से बैंक से डीबीटी करने का अनुरोध किया गया। ग्राम्य विकास विभाग से सहायक खंड विकास अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, एनआरएलएम के संबंध में विस्तार से बताया गया। उद्यान विभाग से मदनलाल उद्यान सहायक द्वारा पॉलीहाउस निर्माण हेतु मिलने वाली सब्सिडी के संबंध में जानकारी दी गई, कृषि विभाग से सुमित कुमार सैनी, सहायक कृषि अधिकारी द्वारा किसान सम्मन निधि के संबंध में एवं यंत्रीकरण योजना के संबंध में जानकारी दी गई। खाद्य आपूर्ति से मृत्युंजय द्वारा अवगत कराया गया कि तीन प्रकार के राशन कार्ड जारी किए जाते हैं परंतु वर्तमान में लक्ष्य पूर्ण होने के कारण गुलाबी एवं सफेद राशन कार्ड नहीं बनाएं जा रहे हैं। यदि किसी के पास राशन कार्ड नहीं है तो वह एपीएल राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड हरिद्वार से अधिकारी /कर्मचारियों द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के संबंध में बताया गया तथा युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित/ जागरुक किया गया। अर्जुन सिंह प्रभारी सहायक निदेशक रेशम विभाग द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में अवगत कराया गया। खंड विकास अधिकारी बहादराबाद मानस मित्तल द्वारा विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित ग्रामीणों की समस्या के निवारण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।

उद्यान एवं
SAAF

श्री श्री 1008 श्री पंडित राम गोपाल शर्मा जी महाराज श्री अलवर वाले बाबा जी का 115 व जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार। श्री अलवर वाले बाबा जी की जय !श्री अलवर वाले बाबा जी का भव्य जन्मोत्सव समारोह विगत वर्षों की भांति इस वर्ष श्री श्री 1008 श्री पंडित राम गोपाल शर्मा जी महाराज श्री अलवर वाले बाबा जी का 115 व जन्मोत्सव 18 दिसंबर 2024 को गोपाल भवन निरंजनी अखाड़ा रोड हरिद्वार में बड़े धूमधाम के साथ आज मनाया गया है। जन्मोत्सव के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। दिनांक 18 दिसंबर को मंदिर में सुबह देवी देवताओं का पूजन हुआ पूर्ण आहुति के साथ यज्ञ हुआ।

उसके पश्चात गद्दी नशीन श्री महाराज जी श्री हर प्रसाद शर्मा जी ₹झावलर₹ महाराज जी, श्री अलवर वाले बाबा जी के द्वारा नियमित दरबार लगाया गया। अनेक राज्यों से आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। श्रद्धालुओं की संख्या गत वर्षो की भांति इस वर्ष अधिक है। गोपाल भवन श्री हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के आने के लिए अनेक प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो सुगमता के साथ मंदिर में प्रवेश कर सके, इसलिए अनेक स्वयंसेवकों (भक्तों) को बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं की व्यवस्था में लगाया हुआ है। प्रसाद वितरण की व्यवस्था अभी शाम तक जारी है। जो कल सुबह तक जारी रहेगी। कीर्तन के अनेक कार्यक्रम, भव्यता के साथ संपन्न हो गए हैं।गोपाल भवन श्री हनुमान मंदिर में श्री अलवर वाले बाबा जी के जन्मोत्सव समारोह के इस पावन कार्यक्रम में कई राज्यों के श्रद्धालु हरिद्वार आए हुए हैं। जो लंबी-लंबी कतारें में लगकर अपने गुरु महाराज श्री अलवर वाले बाबा जी से प्रसाद ग्रहण कर कर अपने निवास को प्रस्थान कर रहे हैं। प्रतिवर्ष हर की पौड़ी से गोपाल भवन तक शोभा यात्रा का आयोजन भी निर्बाध रूप से किया जाता रहा है। इस वर्ष हर की पौड़ी से गोपाल भवन तक की शोभायात्रा स्थगित की गई है। इसके स्थान पर आज गोपाल भवन श्री हनुमान मंदिर में अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज सुबह से गद्दी नशीन महाराज पंडित श्री हर प्रसाद शर्मा जी ₹झावलर₹ श्री अलवर वाले बाबा जी को सभी प्रदेशों से आए हुए श्रद्धालु श्री बाबा जी के जन्मोत्सव की बधाइयां उनको फूल मालाए भेंट करके शुभकामनाएं और बधाइयां दे रहे हैं।

जानकारी है जरूरी, इससे होती है अधिकारों की रक्षा पूरी, जिला जज

जानकारी के अभाव में अधिकारों की रक्षा असंभव

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार, विकास भवन सभागार में चल रही नव चयनित पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला जज प्रशांत जोशी ने कहा कि न्याय सबके लिए, बस यहीं ध्येय है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह सच है कि जज का वादकारी एवं पीड़ित व्यक्ति से सीधे संपर्क नहीं हो पाता, उनकी व्यथा पेपर और वकील से महसूस होती है।

जबकि पैरा लीगल वालेन्टियर्स को पीड़ित एवं शोषित व्यक्तियों से सीधे संवाद का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि वालेंन्टियर्स के माध्यम से सभी को आसानी से न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी मिले, सभी के अधिकार संरक्षित हों। उन्होंने पैरा लीगल वॉलेंटियर्स का हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि आप हमारी नींव हैं, इस नींव पर ही हम खड़े हैं। उन्होंने कहा कि शोषित एवं वंचितों की मदद कीजिए। किसी भी व्यक्ति को गलत राय कभी न दें, यदि कुछ समझ न आये तो पीड़ित को डीएलएसए ऑफिस ले आएं ताकि काउंसिलिंग कराते हुए सहायता प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक प्रयास किया जाये कि पारिवारिक विवाद आपसी सुलह समझौते हों परिवारों में किसी भी प्रकार की खटास न हो। उन्होंने बताया कि 22 दिसम्बर को लक्सर में जनता इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में बहुद्देशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उत्तराखण्ड के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं कार्यपालक सालसा मनोज तिवारी सर प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान जिला जज प्रशांत जोशी द्वारा 88 पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गये।

आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्षद प्रत्याशी बनाए जाने हेतु अपना आवेदन दिया

हरिद्वार ,नगर निगम क्षेत्र 58 राजा गार्डन से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा ने जिला संगठन के मुखिया जिला अध्यक्ष संदीप गोयल को आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्षद प्रत्याशी बनाए जाने हेतु अपना आवेदन दिया।

उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन अगर मुझ जैसे सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देता है तो निश्चित ही मेरे द्वारा क्षेत्र एवं क्षेत्रवासियों की जन समस्याओ का निराकरण करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार डबल इंजन की सरकार के द्वारा विकास कार्य किये जा रहे हैं यह सर्वविदित है आज हमारी सरकार के द्वारा चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे चिकित्सा का क्षेत्र हो, हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने का काम हो ,

चाहे क्षेत्र में भूमिगत गैस लाइन लाना हो, अभी हाल ही में क्षेत्र में सीवर लाइन का कार्य प्रारंभ कराना हो एवं लगातार अन्य प्रकार के विकास कार्यों के माध्यम से क्षेत्र का चहुमुखी विकास कराया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर निगम चुनाव में सामान्य कार्यकताओं को बढ़ावा दिए जाने की नीति के अंतर्गत इस बार नगर निगम क्षेत्र से बहुत सारे कार्यकताओं द्वारा आवेदन किया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि हरिद्वार नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के प्रति मतदाताओं का विश्वास बढ़ा है और आगामी चुनाव में हरिद्वार नगर निगम में महापौर तथा बोर्ड भारतीय जनता पार्टी का ही रहने वाला है।

हरिद्वार पुलिस की तत्परता से 02 गौवंशीय पशु को कटने से पहले बचाया

मौके पर 200 किलोग्राम गौमांस तथा गौकशी उपकरण बरामद

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सिकरोडा में आम के बाग में ग्राम सिकरोडा के 1.तोफिक 2.इसरान 3. आशू 4. रिहान गौकशी कर रहे है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर आम के बाग में दबिश दी तो पुलिस को देखकर उपरोक्त चारो व्यक्ति भाग गये जिनका पीछा किया गया किन्तु अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गये । जनकी तलाश जारी है। पुलिस टीम द्वारा मौके से 200 किग्रा गौमांस गौकशी उपकरण कुल्हाडी छुरी व दो जीवित गोवंश (02 गाय) बरामद किये गये । बरामदगी के आधार पर आरोपियों के विरूद्व थाना हाजा पर गौ0सं0अधि0 व 3/11 पशु क्रूरता अधि0 में अभियोग पंजीकृत किया गया ।

बरामद दोनो गौवंशीय पशु को भारतीय ग्राम विकास एंव (गौशाला ग्राम झीवरहेडी) के सुपुर्द किया गया।

नगर कीर्तन की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार/ श्री गुरु नानक देव जी धर्म प्रचार समिति की बैठक का आयोजन कनखल स्थित विरक्त कुटिया में किया गया। बैठक में दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर निकलने वाले नगर कीर्तन की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान संरक्षक बाबा पंडत ने कहा कि 29 दिसंबर को चौथा महान नगर कीर्तन निकाला जा रहा है। नगर कीर्तन तुगलकपुर खालसा लक्सर गुरुद्वारे से सुबह 8 बजे शुरू होगा और प्रहलादपुर, साहिपुर, राजपुर, महेशवरा, लक्सर, भुक्कनपुर, एथल, एथल पिंड, डेरा कराल, सुभाषगढ़, दिनारपुर, चिट्ठी कोठी, इक्कड़, हरीलोक, कोतवाली ज्वालापुर, श्रीराम चौक, गोल गुरुद्वारा से होते हुए भेल सेक्टर दो नानक दरबार गुरुद्वारे पर समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि जिस जिस क्षेत्र से नगर कीर्तन निकलेगा वहां गुरुद्वारे कमेटियों द्वारा पुष्पवर्षा की जायेगी और स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए लंगर व्यवस्था कर स्वागत होगा। नगर कीर्तन में गुरु ग्रन्थ साहिब की फूलों से सजी पालकी, पंज प्यारे, गतका पार्टी, बैंड बाजे, ट्रैक्टर ट्रॉली, बाइक, कार के साथ साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल रहेंगे। बैठक में सूबा सिंह ढिल्लो, सुखदेव सिंह, उज्जल सिंह, अनूप सिंह सिद्धू, लाहौरी सिंह, जोगेंद्र सिंह, मंजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, सतपाल सिंह, जसकरण सिंह, शेर सिंह, अमरिंदर सिंह, मंजीत सिंह, हरभजन सिंह, मनमोहन सिंह, महेंद्र सिंह चावला आदि उपस्थित थे।

घर में आग लगने से मची अफरा-तफरी, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

रुड़कीः हरिद्वार जिले के रुड़की से घर में आग लगने की घटना सामने आई है. घर में आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था. स्थानीय लोगों ने तत्काल मामले का जानकारी फायर ब्रिगेड को दी. इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. राहत की बात ये है कि इस हादसे में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है.

जानकारी के मुताबिक रुड़की सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में सत्ती मोहल्ले की पथरो वाली गली में आयुष चौरसिया पुत्र हरिश्चंद्र का मकान है. बताया जा रहा है कि उनके मकान के सामने ही उनका एक पुराना घर भी है, जो बदहाल स्थिति में है. पुराने मकान में आयुष चौरसिया ने कुछ पुराने सामान रखे हुए थे.बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात को उसी पुराने घर में अचानक से आग लग गई थी. जिसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए. वहीं कुछ ही देर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. इसके बाद आग लगने की जानकारी दमकल विभाग को दी गई.

सूचना मिलते ही तत्काल दमकल कर्मियों की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मोटर फायर इंजन से 2 हौज पाइप फैलाकर पंपिंग कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. इसी के साथ दमकल कर्मियों की टीम ने आग को आसपास फैलने से भी रोका गया.

गंगा तटबंध के किनारे खनन रोकने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए गड्ढे में एक गाय गिरी

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप



लक्सर, उत्तराखंड, सुल्तानपुर क्षेत्र के रामपुर रायघटी गांव स्थित गंगा तटबंध के किनारे खनन रोकने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए गड्ढे में एक गाय गिरकर फंस गई। मामले की सूचना पर पहुंचे पत्रकारों ने गड्ढे में जेसीबी से रास्ता बनवाकर किसी तरह गाय को बाहर निकलवाया।

रामपुर रायघटी गांव स्थित गंगा तटबंध के रास्ते से कुछ लोग नीलधारा गंगा में अवैध खनन कर रहे थे। जिससे गंगा तटबंध को हानी पहुंच रही थी। मामले की सूचना पर सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे इस दौरान अधिकारियों ने तटबंध के किनारे अवैध खनन करने के लिए बनाए गए रास्ते में गहरा गड्ढा बनवा दिया था। इस गड्ढे में बृहस्पतिवार सुबह एक गाय गिरकर फंस गई थी। दोपहर के समय कुछ पत्रकार नागल सोती और रामपुर रायघटी गांव के बीच नीलधारा गंगा पर बन रहे पुल के विजुअल लेने के लिए पहुंचे। रास्ते में गाय को गड्ढे में फंसी देखकर मामले की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारी और भिक्कमपुर पुलिस को दी। सूचना पर सिंचाई विभाग का फोर्थ क्लास कर्मचारी और पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान एक जेसीबी को बुलाकर गहरी खाई में जेसीबी से रास्ता बनवाया। तब जाकर गाय को गड्ढे से बाहर निकाला गया। इस दौरान सोनू कुमार, रामगोपाल, राहुल सैनी, इस्लाम प्रधान, नाथीराम कश्यप और बृजमोहन शर्मा आदि पत्रकारों ने सहयोग किया।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विजय सिंह को पत्रकारों ने मौके पर वीडियो कॉल करके स्थिति से रूबरू कराया, तब सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विजय सिंह ने बताया कि कुछ लोग तटबंध के किनारे अवैध रूप से खनन कर रहे थे। जिससे तटबंध को खतरा बना हुआ था। तटबंध के किनारे अवैध रूप से बनाए गए रास्ते में गढ्ढा बनवाया गया था जिसे अवैध खनन न हो सके। मौके पर एक फोर्थ क्लास कर्मचारी को भेजा गया है। पुलिस और पत्रकारों ने गड्ढे में गिरी गाय को बाहर निकलवाया है।

कलियर पुलिस ने ग्राम मेहवडकला में जीवन ज्योति इंटर कॉलेज में नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम में विजुअलाइजेशन व पम्पलेट के जरिए छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

पिरान कलियर। ऑपरेशन नयी किरण ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को साकार करने हेतु बृहस्पतिवार को थानाध्यक्ष पिरान कलियर दिलबर सिंह नेगी द्वारा ग्राम मेहवडकला में जीवन ज्योति इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं कॉलेज स्टाफ के साथ नशामुक्त अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

जिसमे सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं कौन नशे के दुष्प्रभाव संबंध में अवगत कराया गया। व नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया साथ ही नशे व साइबर अपराध के सम्बन्ध में वार्ता व विजुवायलेजेशन के माध्यम से व पम्पलेट वितरण से नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार किया गया। और छात्र-छात्राओं को को, उत्तराखण्ड पुलिस एप डाउनलोड करने व उसमें निहित अन्य एप जैसे गौरा शक्ति, साइबर शिकायत, सत्यापन, ईएफआईआर एप का इस्तेमाल करने तथा यातायात नियमों व नाबालिगों के द्वारा वाहन ना चलवाने के अनुपालन करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

भगवानपुर प्रेस क्लब की चुनावी तारीख को का हुआ एलान

BREAKING NEWS

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

प्रेस क्लब भगवानपुर की एक अहम बैठक आज सिटी मीडिया सेंटर के कार्यालय पर सम्पन्न हुई बैठक में प्रेस क्लब के चुनावों को लेकर चर्चा की गई संरक्षक धीर सिंह वे शमशाद अहमद की अध्यक्षता में बैठक हुई बैठक में चुनाव की तिथियों पर चर्चा हुई और सहमति बनी कि 21 दिसंबर को पर्चा खरीदारी की जाएगी तो 22 तारीख को नामांकन किया जाएगे और 23 को 10:00 बजे से लेकर 12:00 तक वापसी लिए जाएगे और :1200 बजे से 2:00 बजे तक पर्चा की जांच और 2:00ृ री 5:00ृ ३ʻ चुनाव चिन्ह आवंटित किए जायेगे 24 दिसंबर को 10:00 से 3:00 तक चुनाव किया जाएगा और 3:00 से 5:00 तक नतीजे की घोषणा होगी और पूर्व अध्यक्ष आदिल राणा ने बताया कि निष्पक्ष तरीके से संगठन के चुनाव को पूरा किया जाएगा इस बैठक में आदिल राणा मुरसलीन अल्वी लियाकत कुरैशी सुनील शर्मा राहुल चौहान सूरज कुमार अधिकतर सदस्य और पूर्व पदाधिकारी मौजूद रहे

भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने बिंडूखड़क गांव में किया सड़क का उद्घाटन

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

भगवानपुर । बृहस्पतिवार को विधायक ममता राकेश ने क्षेत्र के बिन्दू खड़क गांव में सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक का ग्रामीणों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ममता राकेश ने कहा कि भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति वे संकल्पित हैं। प्रत्येक तबके को विकसित करना ही उनकी प्राथमिकता है। उनकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिकांश गांवों में सभी जर्जर मार्गों को दुरस्त कराया जा चुका है। जो शेष रह गए हैं, उन पर भी काम चल रहा है। उनका प्रयास है कि सड़क, पानी, बिजली समेत तमाम मूलभूत सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलता रहे। ग्रामीणों ने विधायक को गांव की कुछ समस्याओं से अवगत कराया। कांग्रेस नेता अभिषेक राकेश ने कहा कि हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्य कर रहे हैं। इस दौरान राजपाल प्रधान, करण प्रधान, विपिन चौधरी, अवनिश चौधरी, अंकुश चौधरी, सतीश, चरण सिंह, वेदपाल चौधरी, सुमित चौधरी, गौरव चौधरी, राजेश, अनुज, महावीर, पीरतम, महीपाल, मुकेश आदि लोग साथ रहे।

सनातन धर्म और संस्कृति को समर्पित था ब्रह्मलीन स्वामी शंकरानन्द महाराज का जीवन: महंत विवेकानंद

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

पुण्यतिथि समारोह संत सम्मेलन
17 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक

हरिद्वार, आनंद आश्रम भूपतवाला के परमाध्यक्ष महंत विवेकानंद महाराज के सानिध्य मे ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी शंकरानन्द महाराज की 17वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आचार्य गरीबदासी की अमृतवाणी एवं रामचरितमानस का पाठ किया गया। योगाचार्य कर्मवीर महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी शंकरानन्द महाराज का समूचा जीवन सनातन संस्कृति धर्म और समाज को समर्पित रहा। उन्होंने जीवन पर्यंत सनातन की रक्षा के लिए समाज को जागरूक किया। महंत विवेकानंद महाराज ने कहा कि दादागुरु ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी शंकरानन्द महाराज ने जीवन भर समाज को सदा सत्य का मार्ग दिखाया और संस्कारवान बनने की बात कही। उन्हीं के बताए मार्ग पर चलकर श्री आनंद आश्रम भूपतवाला को दिन-प्रतिदिन सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत करने की दिशा की ओर अग्रसर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में यदि बच्चे संस्कारवान होगे तो सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है। हमे अपने बच्चो को शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी सिखाने चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी शंकरानन्द महाराज का समूचा जीवन सनातन को समर्पित रहा।उन्होंने जीवन भर समाज को नई दिशा प्रदान करने का काम किया। स्वामी रविदेव शास्त्री महाराज के संचालन में पुण्य तिथि पर महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर अनंतानंद, योगाचार्य कर्मवीर, ऋषिशेश्वरानंद, महंत योगेंद्रानंद शास्त्री, महंत केशवानंद, जयसिंह मावी, दयाल सिंह कामरा, जगतमावी, ब्रह्मपाल नागर, प्रदीप भाटी, बालकिशन भाटी, कबीर, अशोक, दिनेश मावी, राजनारायण भाटी, वचन भाटी, किशोर डिसूजा, वेद नागपाल, हरिमद्दा, नितिन मावी, बबलू कालरा, जोगेंद्र यादव, कपिल जौनसारी, कुलदीप भाटी, नि.पार्षदअनिरुद्ध भाटी, रवि भाटी, भाजपा नेता राजीव भट्ट, समाजसेवी सूरज शर्मा, आदर्श पांडे, संदीप गोस्वामी, अनुपम त्यागी, प्रमोद पाल पंजाबी बाबा महंत हरिदास महाराज साध्वी तृप्ता महाराज स्वामी परमानंद महाराज महंत प्रेमानंद महाराज स्वामी कृष्ण देव महाराज कोतवाल कमल मुनि महाराज श्याम गिरी महाराज देहरादून बाबा रमेशानंद ठाकुर मनोजानंद परवीन कश्यप सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा कार्यालय में बाडाहाट और चिन्यालीसौड़ नगरपालिका के लिए रायशुमारी बैठक आयोजित

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी, 19 दिसंबर 2024 आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय ज्ञानसु, उत्तरकाशी में जिला अध्यक्ष सत्येंद्र राणा की अध्यक्षता में बाडाहाट नगरपालिका और चिन्यालीसौड़ नगरपालिका के अध्यक्ष और सभासदों हेतु रायशुमारी बैठक का आयोजन किया गया। उत्तरकाशी जनपद के पर्यवेक्षक और प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य विनोद रतूड़ी, घनसाली के विधायक शक्तिलाल शाह, और प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा गीता रावत का पार्टी कार्यालय पहुंचने पर उपस्थित पार्टी कार्यकताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उत्तरकाशी जनपद के पर्यवेक्षक और घनसाली के विधायक शक्ति लाल शाह ने कहा कि हमारी लड़ाई कमल के फूल को जिताने की है। प्रदेश नेतृत्व जिसको भी चुनाव लड़ने के लिए अधिकृत करेगा, हम सभी उसी के लिए काम करते हुए इस बाबा विश्वनाथ की धरती पर कमल खिलाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य और पूर्व जिला अध्यक्ष टिहरी विनोद रतूड़ी ने कहा कि भाजपा सामूहिक निर्णय लेती है और हम सभी को उसी का पालन करना है। निश्चित तौर पर बडाहाट नगर पालिका और चिन्यालीसौड़ नगरपालिका में बीजेपी जीतेगी। आज लोगों को भाजपा के नेतृत्व पर विश्वास है। महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गीता रावत ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व जिसको भी कमल के फूल पर अधिकृत करेगा, हम सभी उसी प्रत्याशी के लिए काम करेंगे। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र राणा ने कहा कि यहां पहुंचे सभी पर्यवेक्षक सभी पार्टी कार्यकताओं के भाव पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाएंगे। पार्टी नेतृत्व जो भी निर्णय लेगा, हम सभी पार्टी के निर्णय के साथ खड़े रहेंगे। हमें विश्वास है कि काशी विश्वनाथ की धरती पर भाजपा का प्रचम लहराएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता की असली निष्ठा अपनी पार्टी के साथ होनी चाहिए। बाबा विश्वनाथ की धरती से निश्चित तौर पर ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर हम उत्तरकाशी के विकास को गति देंगे। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र राणा ने यह भी बताया कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करेंगे और प्रदेश नेतृत्व के निर्णयों का पालन करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा की सरकार बनने से उत्तरकाशी के विकास को नई दिशा मिलेगी और क्षेत्र में समृद्धि आएगी।

उत्तरकाशी में वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत पर्यटन, उद्यान, सिंचाई, लोनिवि, पशुपालन, उद्योग आदि विभागों को एक सप्ताह के अंदर प्राकलन प्रस्तुत करने के निर्देश

उत्तरकाशी में वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सीमावर्ती गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश

उत्तरकाशी में वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सीमावर्ती इलाकों के विकास को लेकर जन उपयोगी योजनाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी, केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत सीमावर्ती भटवाड़ी विकास खंड के चिन्हित गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पर्यटन, उद्यान, सिंचाई, लोनिवि, पशुपालन, उद्योग आदि संबंधित विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर कार्य-योजना के तहत प्राकलन प्रस्तुत करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल ने दिए। उन्होंने कहा कि कार्य योजना प्राकलन में भूमि चयन संबंधी गतिविधियों को राजस्व विभाग से समन्वय करते हुए, त्वरितता से निष्पादित किया जाए। समावेशी जन आकांक्षाओं के अनुरूप वाइब्रेंट विलेज के चयनित सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, उद्यानिकी, दूरसंचार, ग्रोथ सेंटर आजीविका, लघु उद्योग कार्यों को मजबूती प्रदान करने के लिए बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य-योजनाओं को त्रुटि रहित विभागवार प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विकासात्मक कार्यों संबंधी बिंदुओं की गहनता से समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना सीमावर्ती इलाकों के विकास को लेकर जन उपयोगी है। अतः रेखीय विभागों के अधिकारी प्राकलन प्रस्तुत करने में किसी तरह की शिथिलता न बरतें। बैठक में परियोजना निदेशक अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी रमेश चंद्र, लोनिवि, उद्यान तथा पशुपालन के अधिकारी मौजूद रहे।

सभी एसडीएम 21 दिन में निपटाएं अपने यहां प्रचलित पीपी एक्ट के प्रकरण

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराने और विभागीय लैंड बैंक तैयार करने के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक में प्रतिभाग न करने पर डीएम ने एक्सियन एनएच व अधिशासी अधिकारी हरबर्टपुर का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों की पहचान कर तुरंत कार्रवाई करें। सरकारी सम्पत्तियों पर अतिक्रमणों के मामले पीपी एक्ट में सुनने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पीपी एक्ट के प्रकरण सरकारी भूमि पर नहीं बल्कि भवन पर लागू होता है, पीपी एक्ट का कोई भी बहाना स्वीकार नही किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उप जिलाधिकारियों पीपी एक्ट के 21 दिन में निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में कोई भी पीपी एक्ट में मामला न दिखे। उन्होंने कहा कि पीपी एक्ट का हवाला डालते हुए अपनी जिम्मेदारियों से विमुख नही हो सकते हैं, अतिक्रमण पर प्रभावी कार्यवाही किया जाना जरूरी है इसके लिए विभाग प्रभावी कार्य करें। इस अवसर पर इसके साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके द्वारा चिन्हित किए गए अतिक्रमण को 15 जनवरी से पूर्व हटा लिया जाए। बैठक में प्रतिभाग न करने पर एक्सियन एनएच एवं अधिशासी अधिकारी हरबर्टपुर का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों से अपनी संपत्तियों पर अतिक्रमण की स्थिति पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए तुरंत नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी-अपनी संपत्तियों से हटाए गए अतिक्रमण का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि लैंड बैंक तैयार करने के लिए भूमि का सही और अद्यतन डेटा सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग समन्वय स्थापित करके अपनी कार्ययोजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करें। जिलाधिकारी ने भूमि विवादों के समाधान के लिए राजस्व और न्यायिक विभाग को तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने कब्जाधारियों को नोटिस देकर समयसीमा के भीतर भूमि खाली कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि का संरक्षण प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए एक समयबद्ध योजना बनाई गई है, जिससे सरकारी संपत्तियों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी नीरज कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून बीर सिंह बुदियाल, उप जिलाधिकारी कालसी गौरी प्रभात, नगर आयुक्त ऋषिकेश शैलेन्द्र सिंह नेगी सदर हरि गिरी, मुख्यालय शालिनी नेगी, चकराता योगेश मेहर, विकासनगर विनोद कुमार, डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, ऋषिकेश स्मृता परमार, न्याय कुमकुम जोशी, सहित सम्बधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ गृहमंत्री के द्वारा अपमानित टिप्पणी करने पर उनका पुतला दहन किया

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर,उत्तराखंड, लक्सर क्षेत्र के बालावाली तिराहे पर कांग्रेस कार्यकताओं ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ गृहमंत्री के द्वारा अपमानित टिप्पणी करने पर उनका पुतला दहन किया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि,जिस तरह से आम जनता के विकास के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के खिलाफ गलत टिप्पणी की गई है। यह बहुत ही गलत है। इसमें सभी कांग्रेसी एवं अन्य पार्टी के लोग एक होकर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार को चाहिए की किसी के खिलाफ भी अनर्गल बयान बाजी नहीं करनी चाहिए। और विकास के मुद्दों पर लोगों को संतुष्ट करने का काम करें उन्होंने यह भी कहा कि अगर भाजपा सरकार अभी भी नहीं मानी तो हमें मजबूर होकर सड़कों पर आना पड़ेगा इसकी जिम्मेदारी उनकी सरकार की होगी वही संजीव उर्फ नीटू ने कहा कि हम सभी लोग संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुरूप काम कर रहे हैं। और आगे भी उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर काम करेंगे संविधान निमार्ता बाबा साहब के बनायें हुए संविधान पर ही काम करते रहेंगे उन्होंने कहा विकास के मुद्दों पर काम करें जिससे लोगों का भला हो सके, आज के इस प्रोग्राम में जो मुख्य व्यक्ति मौजूद रहे उनमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव चौधरी,कांग्रेस प्रदेश सचिव बालेश्वर सिंह, संजीव उर्फ नीटू, फिरोज सिद्दीकी, अदनान नवाज खान, डॉक्टर उमादत शर्मा, आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारत के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के अपमान में गलत टिप्पणी करने पर लोगों में आक्रोष

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर,उत्तराखंड, भारत के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब के अपमान में गलत टिप्पणी करने पर लोगों में आक्रोष, भारत के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला किया दहन, राजू भाई ने कहा जिस तरह से संविधान निमार्ता बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के खिलाफ देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य सभा में टिप्पणी की गई है। यह बहुत ही गलत है। इसकी हम घोर निंदा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा की अगर भाजपा सरकार द्वारा गृह मंत्री को निष्कासित नहीं किया गया, और बाबा साहब की प्रतिमा के सामने माफी नहीं मांगी गई, तो हम हर रोज गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन करेंगे उसके लिए हमें कितना भी कठोर कदम उठना पड़े हम पीछे नहीं हटेंगे, उन्होंने यह भी कहा की बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के ही नहीं पुरी दुनिया के संविधान निमार्ता माने जाते हैं। और भारत की बुनियाद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान पर ही टिकी हुई है। बाबा लन्केश्वर ने कहा की, हम आज अगर अपने आप पर गर्व महसूस कर रहे हैं। तो बाबा साहब के द्वारा बनाये गए संविधान पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा अगर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी पर माफी नहीं मांगते तो हम सड़कों पर आकर लगातर विरोध प्रदर्शन करेंगे, उसके लिए हमें चाहे कोई भी कुबार्नी देनी पड़े, हम पीछे नहीं हटेंगे, वहां पर जो भी मुख्य व्यक्ति शामिल रहे, उनमे राजू भाई टाडा महतोली, जितेंद्र भारूवाला, बाबा लन्केश्वर राष्ट्रीय प्रवक्ता नेशनल भीम आर्मी, सुमित मैथानी, सचिन कुमार, सुधीर कुमार, प्रधान दीपक, आजाद, अक्षय कुमार नेहन्दपुर, श्रीकांत, आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

उत्तरकाशी में मुख्य विकास अधिकारी एस.एल. सेमवाल ने मनरेगा के तहत गांवों के संपर्क मार्गों का निरीक्षण किया

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों के भवनों का निरीक्षण भी किया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

इस सप्ताह बुधवार को नौगांव विकास खंड के मणपा कोटी, गंगटाड़ी और सरनौल में मनरेगा के अंतर्गत गांवों के संपर्क मार्गों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों के भवनों का मुख्य विकास अधिकारी एस.एल. सेमवाल ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को रसोई सामग्री हेतु आहुतेक धनराशि चेक के माध्यम से वितरण करने के निर्देश सख्ती से ग्राम विकास अधिकारी को दिए।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों पर जोर देते हुए विकास खंड स्तरीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। सरनौल में आमता योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन केंद्र का भी उन्होंने जायजा लिया। परियोजना प्रबंधक रीप को निर्देशित करते हुए कहा कि मत्स्य केंद्र में सक्रिय महिला समूहों को भी जोड़ा जाए, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भरता के तहत लखपति दीदीयों की श्रेणी में अग्रसर हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने सरनौल में नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ व संपर्क मार्गों में आवश्यक जगहों पर रेलिंग लगाने को लेकर ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने मणपा कोटी में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सरोवर में स्वच्छता बनाए रखने तथा बोर्ड लगाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। अमृत सरोवरों को स्वरोजगार व पर्यटन से जोड़ने के अभिनव प्रयास किए जाने को लेकर भी उन्होंने निर्देशित किया। तत्पश्चात उन्होंने राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चपटाड़ी में स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाएं देखीं। चिकित्साधिकारी को चिकित्सालय में साफ-सफाई व चिकित्सा इकाइयों को सुदृढ़ रखने के जरूरी निर्देश दिए। वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत सिड़क में नव निर्मित पंचायत भवन में पेयजल सुचारू व छतरी में निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र में गुणवत्ता के साथ समय पर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश तिवारी, खंड विकास अधिकारी प्रकाश पंवार, परियोजना प्रबंधक रीप कपिल उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

सरकारी विभागों में स्थानीय उत्पादों की खरीद के आदेश जारी

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून(संवाददाता)। राज्य सरकार के अधीन विभिन्न विभाग और सरकारी कार्यालयों में आयोजित होने समारोहों, बैठकों के लिए स्थानीय समूहों के उत्पाद खरीदे जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्य सचिव की ओर से गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तराखंड में अलग झ्र अलग विभागों के सहयोग से विभिन्न प्रकार के स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, महिला कृषकों और एकल महिला उद्यमियों द्वारा कई प्रकार के उच्च गुणवत्ता युक्त स्थानीय उत्पाद बनाए जा रहे हैं। उत्तराखंड सरकार भी विभिन्न शासकीय कार्य्रकमों, बैठकों, समारोह में उपहार देने के लिए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर क्रय करने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में सभी विभाग, कार्यालय अपने अधीन होने वाले कार्यक्रमों, समारोहों के लिए स्थानीय उत्पादों की खरीद करेंगे। इससे समूहों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही, लोगों को भी गुणत्ता पूर्ण उत्पाद हासिल हो सकेंगे।विदित हो कि हाउस आफ हिमालयाज भी लांच किया है। इसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों, दिसंबर 2023 के दौरान देहरादून में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर समिट के दौरान हुआ था। वर्तमान में हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के तहत आठ श्रेणी में कुल 35 उत्पादों को शामिल किया गया है। इसमें मिलेट्स बिस्किट, मुन्स्यारी, चकराता, हर्षिल की राजमा, चौलाई, तोर दाल, पहाड़ का परंपरागत लाल चावल, झंगोरा, गहथ, काले भट्ट, चाय, तेल, पर्सनल केयर, हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद शामिल हैं।

इनकम टैक्स रेडः कैश से भरा हुआ था राजीव जैन की छत से फेंका गया बैग

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून, में कांग्रेस नेता और बिल्डर के ठिकानों पर इनकम टैक्स की छापेमारी दो दिन से जारी है। इनकम टैक्स की टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ ही भारी मात्रा में कैश बरामद होने की सूचना है। यह भी स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस नेता राजीव जैन की छत से फेंके गए बैग में 500 के नोटों की गड्डियां थीं। जिसके एक करोड़ रुपए की धनराशि होने का अनुमान है।

कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के करीबी राजीव जैन समेत उनके संबंधियों और बिल्डर मानस लुंबा के ठिकानों पर आयकर विभाग दिल्ली की छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही। आयकर की अलग अलग टीम राजीव जैन के देहरादून के रोचीपुरा स्थित आवास, इसी क्षेत्र में उनके भाई, बहन और अन्य संबंधियों के आवास पर भी जांच कर रही है। राजीव जैन के मेरठ में रहने वाले समधी के अलावा कारोबार सहयोगी बिल्डर मानस लुंबा के डालनवाला, दिल्ली आदि क्षेत्रों के ठिकानों पर भी जांच गतिमान रही।

छापे के पहले दिन आयकर अधिकारियों को जो बैग राजीव जैन के पड़ोसी की घर की छत से मिला था, वह दिन भर चर्चा का विषय बना रहा। बैग में क्या था, इस पर आयकर अधिकारियों ने भी कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि, अब जो बात समाने आई है, उसके मुताबिक बैग रुपयों से भरा था। रकम को आयकर टीम से बचाने के लिए ही राजीव जैन ने यह बैग पड़ोसी की छत पर फेंक दिया था। हालांकि, घर में लगे सीसी कैमरों की फुटेज की जांच में बैग फेंकने की जानकारी मिल गई। इसके अलावा भी आयकर टीम के हाथ अघोषित संपत्ति के कई दस्तावेज मिले हैं। राजपुर क्षेत्र में जैन की करीब 100 बीघा भूमि और उस पर किए गए निवेश की भी अधिकारी जांच कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार अघोषित संपत्ति के कई प्रमाण जैन के स्वजनों और उनके अन्य संबंधियों से भी मिले हैं। हालांकि, अभी कर अपवंचना का आंकड़ा स्पष्ट नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि आयकर अधिकारी जांच पूरी करने के बाद नोटिस जारी कर राजीव जैन और मानस लुंबा आदि को पूछताछ के लिए बुला भी सकते हैं।

जुगलबंदी के बीच कॉकस का सुपर खेल?

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून उत्तराखण्ड का जबसे गठन हुआ है तबसे राज्य के अन्दर काफी सफेदपोश, राजनेताओं, अफसरों और खबरनवीजों की जुगलबंदी देखने को मिलती रही है लेकिन उस दौर में यह जुगलबंदी इतनी उडान पर नहीं दिखी जितनी मौजूदा दौर में देखने को मिल रही है? अब सवाल यह पनप रहे हैं कि आखिरकार ऐसे कॉकस की जुगलबंदी का आखिर एजेंडा क्या है जिसके चलते वह गोपनीय रूप से ऐसी खिचडी पकाते हुए कई बार दिखाई दे जाते हैं जिसके चलते यह सवाल पनपते हैं कि आखिरकार जिन खबरनवीजों को अपनी कलम से राज्य में हो रहे अदृश्य एजेंडे के खेल को बेनकाब करने का जिगरा दिखाना चाहिए था वह लम्बे समय से खुद जुगलबंदी के उस फैविकोल से लिपट गये हैं जिससे उनका छुटना अब असम्भव ही नजर आ रहा है? भ्रष्टतंत्र के साथ दर्जनों खबरनवीजों की जुगलबंदी का आईना बहुत लोग देख रहे हैं लेकिन वह इसलिए खामोश हैं कि यहां आवाम अब घृतराष्ट्र की भूमिका मे खुद को खडा कर चुका है? उत्तराखण्ड मे वर्षों से काफी सफेदपोश, भ्रष्ट राजनेता, अफसर पर्दे के पीछे रहकर एक जबरदस्त कॉकस बनाकर दौलत कमाने के एजेंडे पर खूब आगे बढे हुये हैं और उनके इस कॉकस में जुगलबंदी करने के लिए राजधानी के ही काफी कलमवीर भी उनके साथ गलबहियां करते हुए दिखाई दे रहे हैं और यह गलबहियां किस एजेंडे को लेकर हमेशा होती हैं यह तो एक रहस्य बना हुआ है लेकिन राज्य के अन्दर मौजूदा दौर में इस कॉकस का गुप्त एजेंडे पर चल रहा खेल तभी बेनकाब हो सकता है जब कोई तीसरा नेत्र इन पर अपनी रडार लगा ले? उत्तराखण्ड के अन्दर वर्षों से यह बहस चली आ रही है कि राज्य के काफी प्रभावशाली सफेदपोश, राजनेता, अफसरों ने कुछ कलमवीरों को जिस तरह से अपनी पनाह मे लेकर उनको अपना राजदार बना लिया है उसके पीछे उनका कौन सा एजेंडा छुपा है यह तो आज भी एक पहेली बना हुआ है लेकिन यह हकीकत है कि जिन कलमवीरों को शुद्ध पत्रकारिता करने के लिए अपने आपको राज्य की जनता के सामने स्वच्छ दिखना चाहिए वह उस स्वच्छता से दूर रहकर दौलत कमाने के एजेंडे पर आगे बढने मे ही विश्वास दिखा रहे हैं जिससे मुख्यमंत्री के स्वच्छ उत्तराखण्ड के विजन को कहीं न कहीं यह कॉकस एक बडा ग्रहण लगाता हुआ नजर आ रहा है?

उत्तराखण्ड को आदर्श राज्य बनाने के विजन पर मुख्यमंत्री काम कर रहे हैं लेकिन आज भी दर्जनों राजनेता और अफसर ऐसे हैं जो भ्रष्टाचार की चाश्नी चाटने मे ही विश्वास रख रहे हैं और उनके भ्रष्टाचार की चाश्नी की खुशबू किसी आवाम को न आ पाये इसके लिए ऐसे नेताओं और अफसरों ने अपने साथ अपनी ही पसंद के कुछ कलमवीरों को अपने पालने मे झुलाने का काम शुरू कर रखा है जिससे कहीं न कहीं मुख्यमंत्री के गुलजार होने वाले उत्तराखण्ड पर यह कॉकस एक बडा ग्रहण लगाते हुए नजर आ रहा है। अब सवाल यह तैर रहे हैं कि राज्य के काफी राजनेता और अफसर भ्रष्टाचार की गुलूकंद का पान चबा रहे हैं तो राज्य की उस एजेंसी को इनके भ्रष्टाचार के गुलूकंद के पान चबाने की खुशबू क्यों नहीं पहुंच पा रही है यह हैरान करने जैसा ही नजर आ रहा है?

बुग्गावाला पुलिस ने अलग अलग जगहों से दो नशा तस्कर किए गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

जनपद हरिद्वार में अवैध कच्ची शराब के धन्धेबाजो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुग्गावाला पुलिस द्वारा अवैध देशी, कच्ची शराब, अवैध नशा तस्करो की धरपकड़ के लिए अलग अलग टीमो का गठन किया गया है जिसमे बुग्गावाला पुलिस ने बृहस्पतिवार को अवैध कच्ची शराब के साथ राजेश पुत्र सतपाल निवासी मजाहिदपुर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। वही देर शाम एक युवक जयचन्द पुत्र इल्म चन्द निवासी मंडुवाला थाना फतेहपुर को 96 पाउच देशी शराब माल्टा के साथ गिरफ्तार किया है

इस बाबत बुग्गावाला थाना अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया की दोनों व्यक्तियो को आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ का सलाहकार होने का दावा...मुख्य सचिव का फर्जी पत्र वायरल, तीन पर मुकदमा दर्ज

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

इनमें से एक आरोपी खुद को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सलाहकार होने और गोरखनाथ मठ से जुड़ा होने का दावा कर रहा है।

एक व्यक्ति को सुरक्षा मुहैया कराने का मुख्य सचिव के हस्ताक्षर से जारी पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो गया। जांच में पत्र फर्जी पाए जाने पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें से एक आरोपी खुद को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सलाहकार होने और गोरखनाथ मठ से जुड़ा होने का दावा कर रहा है।एसएसपी को दी गई शिकायत के मुताबिक सहसपुर देहरादून के रहने वाले नीरज कश्यप पुत्र हुकुम सिंह को सुरक्षा देने का मुख्य सचिव के हवाले से फर्जी पत्र बनाया गया था। देखते ही देखते ये पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो गया। पुलिस जांच में भी पत्र फर्जी निकला। इसमें हस्ताक्षर किसी और शासनादेश से कॉपी पेस्ट किए गए थे। पत्रांक का नंबर भी किसी और आदेश का था।पुलिस ने नीरज से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे पत्र देहरादून के रहने वाले पंडित आचार्य उर्फ नागेंद्र ने भेजा था। पंडित आचार्य उर्फ नागेंद्र खुद को गोरखनाथ मठ से जुड़ा हुआ और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का सलाहकार होने का दावा करता है। पुलिस ने आचार्य से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे ये पत्र लखनऊ से सुधीर मिश्रा ने भेजा है।

पुलिस के मुताबिक आचार्य जांच में ज्यादा सहयोग भी नहीं कर रहा है और बार-बार बरगलाने का काम कर रहा है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

थाना पटेलनगर क्षेत्रान्तर्गत बन्द घर तथा निमार्णाधीन मकान मे हुई चोरी की 02 अलग-अलग घटनाओं का दून पुलिस ने किया खुलासा

कोतवाली पटेलनगर
देहरादून
0135-2716219

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून चोरी के सामान के साथ 01 शातिर चोर आया दून पुलिस की गिरफ्त में।अभियुक्त के कब्जे से 20 बण्डल बिजली के तार, एक गैस सिलेण्डर तथा पानी की टोंटियाँ हुई बरामद।* घटना मे प्रयुक्त स्कूटी संख्याः यू0के0-07-एफसी-1252 को किया सीज पटेलनगर क्षेत्रान्तर्गत निवासी वादी श्री अनिल कुमार निवासी वैष्णव एन्क्लेव हरभजवाला द्वारा थाना पटेलनगर पर प्रार्थना पत्र दिया कि उनके निमार्णाधीन मकान से अज्ञात चोर द्वारा बिजली के तार (हैवल्स कम्पनी) के चोरी कर लिये गये है। प्रार्थना पत्र आधार पर मु0अ0सं0: 777/24 धाराः 305 (ं)भा0न्या0सं0 का अभियोग पंजीकृत किया गया।

02: वादिनी असमा फहीम द्वारा थाना पटेलनगर पर प्रार्थना पत्र दिया कि उनके वन विहार मेहूँवाला माफी स्थित बन्द घर से एक गैस सिलेण्डर (इण्डेन कम्पनी) व पानी की टोंटियां आदि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0: 760/24 धाराः 305 भा0न्या0सं0 का अभियोग पजीकृत किया गया। घटनाओं के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये। निदेशों के अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का अवलोकन करते हुए सदिंग्धों के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की गई। साथ ही पूर्व में इस प्रकार की घटना को अजांम देने वाले संदिग्धो की वर्तमान स्थिती का सत्यापन किया गया। सीसीटीवी फुटेजों से प्राप्त संदिग्धों के हुलिये के सम्बन्ध में सुरागरसी पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप दिनांकः 18-12-24 को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त जावेद पुत्र जुलफान अली निवासी माजरा निकट मुस्कान होटल थाना कोतवाली पटेलनगर जनपद देहरादून उम्र 24 वर्ष को टी-स्ट्रेट प्रेमनगर जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से उक्त घटनाओं में चोरी किये गये 20 बण्डल बिजली के तार (हैवल्स कम्पनी), एक गैस सिलेण्डर (इण्डेन कम्पनी) तथा पानी की टोंटियाँ (जैग्वार कम्पनी) बरामद की तथा घटना मे प्रयुक्त वाहन सं0: यू0के0-07-एफसी-1252 (TVS NTORQ) को सीज किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वो नशे का आदी है तथा अपने नशे की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये उसके द्वारा उक्त चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। अभियुक्त चोरी के उक्त सामान को बेचने की फिराक में था किन्तु इससे पूर्व ही दून पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया। विवरण गिरफ्तार अभियुक्तः जावेद पुत्र जुलफान अली निवासी माजरा निकट मुस्कान होटल थाना कोतवाली पटेलनगर जनपद देहरादून उम्र 24 वर्ष ।

मसूरी ट्रैफिक पर एक्शन प्लान को लागू करने की तैयारी, शहर के बाहरी इलाकों में 28 सैटेलाइट पार्किंग स्थानों की पहचान

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के साथ की समीक्षा मसूरी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुविधाजनक, आसान एवं सुव्यवस्थित करने को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में जिला प्रशासन देहरादून एवं पुलिस विभाग द्वारा तैयार एक्शन प्लान की समीक्षा की। एक्शन प्लान के तहत मसूरी में ट्रैफिक की समस्या के निवारण के लिए इनोवेटिव समाधानों पर कार्य करते हुए सत्तशील तथा पर्यावरणीय हितकारी शैली को अपनाया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटकों के यात्रा अनुभव को भी और अधिक सुखद एवं आरामदायक बनाया जाएगा। एक्शन प्लान के तहत स्थानीय लोगों एवं समुदायों को भी लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। नए एक्शन प्लान के तहत शहर में पार्किंग की व्यवस्था पूरी हो जाने के पश्चात पर्यटकों को पार्किंग स्थलों से अपने गंतव्य स्थलों तक शटल सर्विस तथा गोल्फ कार्ट की सुविधा प्राप्त होगी।जब हाथीपांव पर पार्किंग की व्यवस्था पूरी हो जाएगी तो इसका प्रारम्भिक रूट किनक्रेग से पिक्कर पैलेस तथा गांधी चैक रहेगा । पीक सीजन के दौरान यह शटल सर्विस विशेषरूप से संचालित की जाएगी। इसमें स्थानीय रिक्शा चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे स्थानीय आर्थिकी को मजबूती मिलेगी। हाथीपांव बैण्ड पर किनक्रेग तथा सेटेलाइट पार्किंग को चिहिन्त किया गया है। यहां पर पुलिस बूथ, शटल बूथ, पार्किंग, लाइटिंग, सुरक्षा तथा जन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। स्थानीय टैक्सी सर्विस संचालकों के साथ समन्वय किया जाएगा ताकि रोजगार के नए अवसर सृजित हो तथा सेवाओं में सुधार हो।मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न माध्यमों से शटल सर्विस के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं एवं संतुष्टि के लिए शटल सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग तथा समीक्षा के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएस ने शटल सर्विस की सफलता के लिए ट्रैफिक फ्लो के विश्लेषण तथा पर्यटकों के फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर आयुक्त देहरादून को मसूरी तथा देहरादून में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए पर्याप्त संख्या में कैटल केचर की व्यवस्था एवं उपयोग हेतु निर्देश दिए हैं।जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मसूरी में यातायात की भीड़भाड़ की समस्या को दूर करने के लिए शहर के बाहरी इलाकों में 28 सैटेलाइट पार्किंग स्थानों की पहचान की गई है, जो सड़क के किनारे रणनीतिक रूप से स्थित हैं। इन निर्दिष्ट स्थानों पर, पर्यटक अपने वाहन पार्क करेंगे और मसूरी में आगे की यात्रा के लिए शटल सेवाओं का उपयोग करेंगे। इस पहल का उद्देश्य शहर के केंद्र में निजी वाहनों की आमद को कम करना, यातायात प्रवाह को सुचारू बनाना, आगंतुकों की सुविधा को बढ़ाना और क्षेत्र के प्राकृतिक आकर्षण को संरक्षित करना है।मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि मसूरी में स्थानीय निवासियों तथा पर्यटकों के दबाव से टूरिस्ट तथा ट्रैफिक भीड़ की समस्या, निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग तथा सीमित पार्किंग स्पेस तथा पर्यावरणीय कारणों से ठोस एवं प्रभावी ट्रैफिक प्लान का क्रियान्वयन आवश्यक है। एक्शन प्लान के तहत पार्किंग स्थलों पर पर्यटकों एव यात्रियों की सुविधा तथा ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए पुलिस बूथ स्थापित किए जाएगे। पार्किंग के रियल टाइम डाटा की जानकारी के लिए एक एप्प की भी शुरूआत की जाएगी।

बैठक में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव पंकज कुमार पाण्डेय, आईजी अरूण मोहन जोशी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, नगर आयुक्त नमामि बंसल तथा पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

पूर्व सांसद अन्नू टण्डन व युवा नेता स्वरित चौधरी ने आसीवन पहुंच कर गुदड़ी शाह बाबा की मजार पर चादर पेश की

सफीपुर उन्नाव। मियागंज विकास खण्ड क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा आसीवन शरीफ में स्थित हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए प्रसिद्ध हजरत इकरामुल हक उर्फ गुदड़ी हक शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह के 79 वें सालाना उर्स में गुरुवार को दोपहर करीब 3 बजे इकरामुल हक उर्फ गुदड़ी हक शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर पूर्व सांसद अन्नू टण्डन व समाजवादी पार्टी के युवा नेता स्वरित चौधरी ने पहुंच कर बाबा की दरगाह पर चादर पेश की साथ ही मुल्क में शांति अमन व भाईचारा कायम रहने के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर दरगाह के सज्जादानशीन अनवार रहमान जीलानी सफवी ने पूर्व सांसद अन्नू टण्डन को तबर्रुक (प्रसाद) दिया इस अवसर पर शुजाउर्हमान सफवी, जैद रहमान सफवी, फैसल रहमान सफवी, जिला पंचायत सदस्य दीबा सफवी, अरबाब उर्हमान सफवी, जिबरान सफवी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामबरन कुरील,विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य कय्यूम खान,राजेश गौतम, पूर्व ब्लाक प्रमुख आकाश भारती, जितेंद्र रावत सपा नेता युवा नेता दिलशाद बेग,हाशिम खान,अबरार अहमद, ऐजाज अहमद, शब्बीर अली शाह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

राजनैतिक दंबगो ने तमंचे के बल से पीड़ित विकलांग को गालियां देते हुए की मारपीट, पीड़ित विकलांग ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र दरसवां निवासी महेन्द्र सिंह पुत्र रघुराज सिंह ने आज जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच कर आरोप लगाया है गुरुवार समय सुबह लगभग 9 बजे पीड़ित प्रार्थी के गावं के शिवनरेश शर्मा द्वारा फोन पर प्रार्थी को बुलाया जो प्रार्थी शिवनरेश शर्मा से मिलने गया था तो वहां पर देखा कि राकेश शर्मा पुत्र बुद्धीलाल व जगदीश माली से दरवाजा रखने का विवाद हो रहा था जहां पर पीड़ित प्रार्थी के गावं के राजनैतिक दबंग व्यक्ति जयनरायन गौतम पुत्र गुरुदयाल व हिमांशु पुत्र जयनरायन व नीरज चौरसिया पुत्र रामऔतर चौरसिया व चार लोग अज्ञात लोग पहले से मौजूद थे प्रार्थी ने कहा आप लोग अपास में झगड़ा न करो तो बात मान लो नहीं तो प्रशासन से सहयोग ले लो जिसमे राजनैतिक दंबग व्यक्ति जयनरायन गौतम लाल ने तमंचा लहराते हुए गालियां दी इस लगड़े को अभी गोली मार दो क्योंकि यह बहुत बड़ा वकील नेता बनता है, जो हिमांशु द्वारा 315 तमन्चा प्रार्थी के सीने में लगाकर कहा कि लगडे यह से भाग जाओ नहीं तो अभी जान से मार डालूगा जो नीरज चौरसिया द्वारा प्रार्थी का गला बान पकड़कर मारपीट करने लगे जो प्रार्थी द्वारा 112 पर पुलिस सहायता मागी व किसी के द्वारा प्रार्थी के घर पर सूचना गई तो प्रार्थी के लडका अभिषेक व पीयूष तथा काफी लोग मौके पर पहुंचे तो उक्त जयनरायन गौतम आदि द्वारा लाल करते हुए कहा मेरे समक्ष किसी की मां ने दूध ने पिलाया जो हम लोगो के समाने बोल सके किसी की औकत नहीं जो मेरे खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें यदि तुमने कानूनी कार्यवाही कि तो एक सप्ताह के अन्दर तुमको व तुम्हारे बच्चों को जान से मार कर लाश भी गायब कर दुगां क्योंकि प्रार्थी के घर में शादी है इसे प्रार्थी को सन्देह है उक्त के द्वारा किसी समय अप्रिया घटना कर सकते है क्योंकि इनके समक्ष गांव या आस पास के लोग गवाही देने में डरते है।

चेरापूंजी जहां होती है दुनिया की सबसे ज्यादा बारिश, यहां और भी बहुत कुछ है खास

पहाड़ों पर बरसात का मौसम बहुत ही खूबसूरत और रोमांटिक होता है और फिर चेरापूंजी में तो 12 महीने बरसात होती ही रहती है। ऐसे में यहां के मौसम के तो कहने ही क्या। सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड दर्ज होने की वजह से चेरापूंजी को "वेटेस्ट प्लेस ऑफ द वर्ड" तथा "बारिश की राजधानी" भी कहा जाता है। सदाबहार मौसम के कारण ही यहां साल भर टूरिस्ट्स का आना-जाना लगा रहता है। मेघालय की राजधानी शिलांग से चेरापूंजी केवल 56 किमी. दूर है। रास्ते में चढ़ाई है, लेकिन ज्यादा नहीं। ऊंची-नीची पहाड़ियों और टेडे-मेडे रास्तों से गुजरते हुए आप कब चेरापूंजी पहुंच जाएंगे, पता भी नहीं चलेगा।

चेरापूंजी के चारों तरफ पहाड़ और घाटियां हैं। यहां फर्न, चीड़ और ऐरोकेरिया के पेड़, कई तरह के लोकल फ्रूट्स, संतरा और अन्नानास बहुत होते हैं। कुछ खास किस्म की घास और फूल भी देखने को मिलते हैं। यहां की खासी जाति का मुख्य व्यवसाय जंगली उपज ही है। ये लोग सौंदर्य प्रेमी होते हैं। कलात्मक कपड़ों, शालों व सजावटी चीजों को बनाते हैं और उन्हें बेचते भी हैं। इनके घर बड़े सुंदर होते हैं, जिन्हें ये सजाकर रखते हैं। अपनी धरती, धर्म, समाज और रीति-रिवाज के प्रति ये बहुत ही आस्थावान होते हैं।

'सोहरा' नाम है इसका : मेघालय आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के इस पसंदीदा जगह का नाम अब बदल गया है। इसका नाम पहले भी सोहरा था और अब फिर से सोहरा हो गया है। ब्रिटिश शासकों ने सन 1830 में चेरापूंजी को अपना क्षेत्रीय मुख्यालय बनाया था। अंग्रेजों को इसके तत्कालीन नाम सोहरा के उच्चारण में काफी दिक्कत होती थी। वे लोग इसे चेरा कहने लगे। उसके बाद स्थानीय लोगों ने बादलों के समूह को देखते हुए इस नाम में पूंजो जोड़ दिया जो बाद में चेरापूंजी हो गया, लेकिन चेरापूंजी को उसका असली नाम देने की मांग जोर पकड़ने लगी और जन आंदोलन के बाद राज्य सरकार ने इसका नाम बदल कर फिर से सोहरा करने का फैसला किया। होती है रिकॉर्ड बारिश : चेरापूंजी या सोहरा के नाम बारिश के कई रिकॉर्ड दर्ज है। गिनीज बुक ऑफ वर्ड रिकॉर्ड के अनुसार यहां एक ही साल में सबसे ज्यादा बारिश 22 हजार 987 मि.मि. एक अगस्त 1860 से जुलाई 1861 के बीच हुई थी। एक महीने में सबसे ज्यादा बारिश भी जुलाई 1861 में 9300 मि.मि. दर्ज की गई। एक दिन में सबसे ज्यादा 61 इंच बारिश का रिकॉर्ड भी सोहरा के नाम ही दर्ज हैं। इन सबके बावजूद पिछले कुछ सालों से यहां बरसात कम होने लगी हैं और मोहसिनराम में यहां से अधिक वर्षा होती है। खैर, बारिश कम हो या ज्यादा, लेकिन होती बहुत खूब हैं। अपनी अद्भुत व आकर्षक नैसर्गिक छटा के कारण ही चेरापूंजी के आसपास स्थित झरने और नेचुरल ब्यूटी टूरिस्ट्स को लुभाती रही है। खूबसूरत झरने : चेरापूंजी की सबसे आकर्षक जगह है नोहकलिकाई जलप्रपात, काफी उंचाई से गिरता यह दूधिया झरना अपने में एक मार्मिक कथा समेटे हुए है। कहते हैं कि लिकाई नाम की एक महिला जब एक दिन अपने काम पर से घर लौटी तो उसने अपने बच्चे के लिए पति से पूछताछ की। पति ने कहा कि बच्चे को काट कर खाने के लिए पका लिया है। सुनते ही लिकाई सदमे से भर गई और इस झरने में कूद पड़ी। तभी से इस झरने का नाम नोहकलिकाई पड़ा । वैसे तो व्यू प्वाइंट से झरने का समग्र स्वरुप देखा जा सकता है, लेकिन ठेठ नीचे तक जाने के लिए सीढ़ियां भी बनी हुई हैं।

रामकृष्ण मिशन संस्थान : चेरापूंजी में एक सबसे पुराना रामकृष्ण मिशन संस्थान है। यहां के विद्यार्थी हिंदी, अंग्रेजी, खासी, बंगला भाषाओं के ज्ञाता हैं। यहां ऊनी कपड़े, कलात्मक वस्तुएं, जड़ी बूटियों से दवा बनाने आदि का काम होता हैं। पूरा संस्थान अपनी भव्यता, शांति, सफाई और अलग-अलग एक्टिविटीज के लिए मशहूर है। मोसमाई की गुफाएं : चेरापूंजी से 5 किमी. दक्षिण में बसा नोह संगीथियांग प्रपात और मौसमाई प्रपात है। मौसमाई ग्राम के निकट जंगल में गुफाएं प्रकृति की अपनी विशिष्ठ रचना है। यहां चूने के पत्थरों के साथ पानी के मेल से अजीबोगरीब अश्रुताष्म एवं निश्रुताष्म आकृतियां बन गई है, जो पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती हैं। गुफा में घुटनों तक पानी भरा होता है। पत्थरों की उंची-नीची, चिकनी और तीखी, कहीं संकरी और कहीं चौड़ी आकृतियों पर चलना, चढ़ना डराता भी है और रोमाचिंत भी करता है। गुफा में जाने के तीन रास्ते हैं। लिविंग ब्रिज : चेरापूंजी के जंगलों में पेड़ की शाखाओं और जड़ों से बने पुल देखे जा सकते हैं। इन्हें "लिविंग ब्रिज" भी कहा जाता है। यहां के लोग खास तकनीक से ऐसे पुल बनाते हैं, जो 10-15 साल में बनकर तैयार हो जाते हैं और सैकड़ों सालों तक इस्तेमाल में आते हैं। यहां ऐसी ही एक सबसे पुरानी पुलिया 500 सालों से प्रयोग में ली जा रही है। चेरापूंजी की दूसरी देखने वाली जगहों में मोकडोक डिम्पेप वेली जो शिलांग से चेरापूंजी के रास्ते में आती है, बहुत ही सुंदर और हरी-भरी हैं। यहां डाइन्थलेन वाटरफाल, डोन बोस्को श्राइन, चर्च, डेविड स्कोट मेमोरियल, ग्रीन केन्योन ऑफ चेरापूंजी, ईको पार्क, केर्नरम वाटरफाल आदि भी घूमने लायक है।

माउलंग सीम पीक : चेरापूंजी आने वाले यात्रियों के लिए रोमांच, साहस और सौंदर्य से भरा एक और स्थान है माउलंग सीम पीक।

फायर यूनिट मोरी ने सतलुज जल विद्युत निगम हाइड्रो पावर हाउस कर्मियों को दिया फायर सुरक्षा का प्रशिक्षण

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी आग के जोखिम को कम करने व आपातकालीन स्थितियों से प्रभावित ढंग से निपटने के लिए फायर यूनिट मोरी की टीम द्वारा सतलुज जल विद्युत निगम हाइड्रो पॉवर हाउस मोरी नेटवाड में अग्नि सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई।

गौरतलब है कि पुलिस उपमहानिरीक्षक अग्निशमन व आपात सेवा देहरादून द्वारा जनपदों में अग्निशमन सुरक्षा निरीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए है,जिस क्रम में पुलिस कप्तान सरिता डोबाल के निर्देशन में समाज मे अग्नि सुरक्षा के प्रति जनजागरुकता बढाने के उद्देश्य उक्त कार्यशाला आयोजित को गयी है।

उक्त कार्यशाला के दौरान हाइड्रो पावर हाउस कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये संस्थान परिसर में स्थापित अग्निशमन यन्त्रो, फायर हाईड्रेन्ट, होजरील का संचालन के बारे में फायर डेमो देकर मॉक अभ्यास कराया गया।

इस दौरान फायर यूनिट टीम द्वारा आग लगने के कारण, बचाव,और सुरक्षा के तरीकों को भी बताया गया।

उक्त कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अग्निशमन सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना एवं फायर यूनिट की आपातकालीन स्थितियों में तत्परता को जांचना था,जनपद

उत्तरकाशी पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आगे भी निरंतर किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयार रहें।

अचानक भैंस के सामने आ जाने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उन्नाव/ बांगरमऊ क्षेत्र के अंतर्गत मुस्तफाबाद में आरिफ पुत्र शहीम अतरधनी से दवाई लेने बांगरमऊ जा रहा था तभी मुस्तफाबाद में अचानक सामने भैंस के आ जाने से 10 जिसका नंबर वढ35 इव 3681कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से टकरा गई कार बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गई जिसमें चालक के साथ बैठे नदीम को हल्की चोट आई जिसको बांगरमऊ सामुदायिक केंद्र में इलाज कराया गाड़ी का एयरबैग खुल जाने से दोनो लोग बच गए जिसकी सूचना संबंधित कोतवाली में दे दी

उन्नाव में हाईवे पर अपराध रोकेंगे गरुण वाहन एसपी ने दिखाई हरी झंडी

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उन्नाव। अपराध की घटनाओं पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करने के लिए उन्नाव एसपी दीपक भूकर ने एक नई पहल शुरू की है। इस पहल के तहत, हाईवे पर होने वाले अपराधों, जैसे जाम, लूट, चोरी आदि को रोकने के लिए पुलिस ने ₹गरुण वाहिनी₹ नामक विशेष वाहन की शुरूआत की है। यह वाहिनी विशेष रूप से बाइकर्स द्वारा संचालित की जाएगी, जो हाईवे और अन्य प्रमुख इलाकों में गश्त करेंगे। बता दे कि एसपी दीपक भूकर ने पुलिस कार्यालय से ₹गरुण वाहिनी₹ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अरढ अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह, और उड मधुपनाथ मिश्रा भी मौजूद रहे। एसपी का कहना था कि यह पहल अपराधों पर नियंत्रण पाने और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। विशेष बाइकर्स की तैनाती ₹गरुण वाहिनी₹ का संचालन मुख्य रूप से बाइकर्स द्वारा किया जाएगा। हर बाइक पर दो पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, जो क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और अपराधों की रोकथाम के लिए सक्रिय रहेंगे। बाइकर्स विशेष रूप से सुबह और शाम के समय वॉक करने वाले लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखेंगे। इसके अलावा, हाईवे पर किसी भी आपात स्थिति, जैसे जाम, लूट, या चोरी की घटना होने पर, इन बाइकर्स की टीम तुरंत मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

पहले शहर के आस पास थानों को दी गयी जिम्मेदारी उन्नाव के विभिन्न थाना क्षेत्रों जैसे शहर कोतवाली, गंगाघाट, अचलगंज और दही क्षेत्र में इन बाइकर्स की तैनाती की जाएगी। इन क्षेत्रों में आमतौर पर अपराधों के मामले अधिक होते हैं, इसलिए यहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा। एसपी की नई पहल-

एसपी दीपक भूकर ने इस पहल के बारे में बताते हुए कहा कि जिले में अपराधों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह कदम उठाया है। उनका उद्देश्य है कि नागरिकों को सुरक्षित माहौल मिले और वे बिना किसी डर के अपने दैनिक कार्यों को अंजाम दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की पहल से पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत होगा और सुरक्षा के प्रति लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा।

एसपी ने यह भी कहा कि हाईवे पर हो रही घटनाओं के साथ-साथ अन्य आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बाइकर्स की टीम, जो खासतौर पर प्रशिक्षित है, इन अपराधों को रोकने के लिए सतर्कता से काम करेगी। शहरवासियों के लिए राहत-

उन्नाव में इस नई पहल से नागरिकों में सुरक्षा को लेकर आश्वस्ति महसूस हो रही है। विशेष रूप से महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक, जो आमतौर पर सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं, अब थोड़ा सुरक्षित महसूस करेंगे। यह व्यवस्था उन लोगों के लिए भी कारगर साबित होगी जो सुबह या शाम को वॉक पर निकलते हैं।

शानदार प्रदर्शन के बाद ट्रैविस हेड ने चोट के बारे में बताया, जल्द ठीक हो जाऊंगा

ब्रिस्बेन

भारत के खिलाफ गाबा में ब्रिस्बेन टेस्ट की पहली पारी में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने चोट के बारे में जानकारी दी, जो उन्हें चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के तीसरे मैच के दौरान लगी थी। टेस्ट मैच की पहली पारी में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए बल्लेबाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ट्रैविस हेड ने 160 गेंदों पर 152 रन बनाए जिसमें 18 चौके शामिल थे।

हेड ने कहा, ईमानदारी से कहूं तब ऐसा लगता है कि मैंने काफी समय पहले बल्लेबाजी की थी। योगदान देकर खुश हूं, कुछ रन बनाकर और पहली पारी में हमें तैयार करके अच्छा लगा। चुनौतीपूर्ण विकेट, गियर के माध्यम से अच्छी तरह से काम किया, खुशी है कि मैं टीम को तैयार करने में सफल रहा। परिस्थितियों का सारांश देने की कोशिश कर रहा था, ऐसा लगता है कि मैंने अब तक इस श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन किया है, मैं जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा हूं उससे बहुत खुश हूं।

स्टीव स्मिथ पर उन्होंने कहा, काफी सहज संचार, ऐसा लगता है कि वह (स्मिथ) शानदार लय में थे, जिससे मुझे उनके साथ बल्लेबाजी करते समय बहुत आत्मविश्वास मिलता है, एक अच्छी साझेदारी थी, वास्तव में इसका आनंद लिया। जब मैं पहली बार मैदान पर उतरता हूं, तब मैं विभिन्न चुनौतियों से निपटने और विभिन्न समस्याओं को हल करने की कोशिश करता हूं। हेड ने कहा, बस थोड़ा सा दर्द है, लेकिन मैं ठीक हो जाऊंगा (अगले गेम से पहले)।

हेड की शानदार पारी ने उन्हें एक ही कैलेंडर वर्ष में एक ही स्थान पर किंग पेयर और शतक दोनों दर्ज करने वाला पहला बल्लेबाज बना दिया। भारत के खिलाफ उनका बल्ले खूब चला है। हेड की शानदार 152 रनों की पारी ने भारत के खिलाफ उनके टेस्ट रनों की संख्या को 1,000 के पार पहुंचा दिया। 13 टेस्ट और 22 पारियों में उन्होंने 52.71 की औसत से 1,107 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं।

सभी प्रारूपों में भारत के खिलाफ 30 मैचों में हेड ने 47.41 की औसत से 1,707 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और छह अर्द्धशतक शामिल हैं। भारत के खिलाफ हेड का प्रदर्शन असाधारण रहा है। उन्होंने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल, आईसीसी क्रिकेट विश्व कप फाइनल 2023 और एडिलेड में श्रृंखला-स्तरीय गुलाबी गेंद टेस्ट में शतक बनाए हैं, जिससे दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता का पता चलता है। भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल से लेकर इस टेस्ट तक की अपनी पिछली 11 पारियों में हेड ने 80 की औसत से 880 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 163 रहा है।

मिचेल सेंटनेर बने न्यूजीलैंड के सफेद गेंद प्रारुप के कप्तान

आकलैंड

बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर को केन विलियमसन की जगह न्यूजीलैंड का सफेद गेंद के प्रारूप का कप्तान बनाया गया। विलियमसन ने जून में टी20 विश्व कप के बाद पद छोड़ दिया था। न्यूजीलैंड के लिए 243 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके सेंटनेर वनडे और टी20 में टीम की कमान संभालने वाले है। वे 24 टी20 और चार वनडे में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। वह श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर के आखिर में शुरू हो रही टी20 और वनडे श्रृंखला से कमान संभालने वाले है। सेंटनेर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी बयान में कहा, ह्ययह बड़े सम्मान की बात है। बचपन से न्यूजीलैंड के लिए खेलने का सपना देखा था और दो प्रारूप में टीम की कप्तानी करना खास है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, ह्यमिचेल टीम मैन है और खेल के हर पहलू में मोर्चे से अगुवाई करता है। वह काफी शांत रहता है और ड्रेसिंग रूम में उसका काफी सम्मान है।

विराट से मिलने की इच्छा जताई सिमरन शेख ने

नई दिल्ली

भारत के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली से अनकैप्ड बल्लेबाज सिमरन शेख ने मिलने की इच्छा जताई। महिला प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में गुजरात जायंट्स द्वारा 1.9 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद सिमरन सुर्खियों में आईं। हाल ही में सिमरन ने यह भी खुलासा किया कि विराट उनके पसंदीदा खिलाड़ी हैं और उनका लक्ष्य भारत का प्रतिनिधित्व करना है, जिसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रही हैं। सिमरन ने कहा, मेरा सपना एक बार विराट कोहली से मिलना है। मुझे बस भारत की जर्सी चाहिए और इसलिए मैं ये सब प्रयास कर रही हूं। अनकैप्ड बल्लेबाज के लिए दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी बोली लगाने की होड़ में शामिल हुई। उनका बेस प्राइस 5 लाख रुपए था और जायंट्स ने उन्हें 1.9 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। टूनामेंट के पहले सीजन में सिमरन ने गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी के लिए खेला और 9 मैचों में हिस्सा लिया। सिमरन को लगता है कि फ्रैंचाइजी में योगदान देना उनकी जिम्मेदारी है और उन्होंने कहा, मैं जीजी (गुजरात जायंट्स) परिवार का शुक्रिया अदा करती हूं।

मेरे उतार-चढ़ाव में हमेशा साथ दिया, उसके लिए धन्यवाद: टिम साउथी

हैमिल्टन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी ने अपने विदाई टेस्ट मैच के बाद कहा कि मैंने वर्षों से खेलने का आनंद लिया है। इस अवसर पर मैं कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 17 वर्षों में उतार-चढ़ाव के दौर में न्यूजीलैंड क्रिकेट ने हमेशा साथ दिया। साथ ही सहयोगी स्टाफ को भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

प्रशंसकों को भी। प्रशंसकों के सामने आना हमेशा अच्छा होता है, और इस सप्ताह सेडॉन पार्क में भारी भीड़ के सामने खेलना बहुत खास रहा। अब मैं एक प्रशंसक के रूप में मैच देखने के लिए उत्सुक रहूंगा। साउदी ने 776 अंतर्राष्ट्रीय विकेटों के साथ खेल से संन्यास लिया है। वह सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले कीवी गेंदबाज हैं। साउथी ने 391 टेस्ट विकेट हासिल किए, जो रिचर्ड हैडली (431 विकेट) के बाद किसी भी न्यूजीलैंड गेंदबाज द्वारा दूसरा सबसे अधिक विकेट है। टी20 इंटरनेशनल में वह 164 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। 221 एकदिवसीय विकेटों के साथ, वह काइल मिल्स (240 विकेट) और डैनियल विटोरी (297 विकेट) के बाद, कीवीज के लिए एक-दिवसीय मैचों में तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह निचले क्रम के एक सक्षम बल्लेबाज भी थे, जिन्होंने 394 मैचों में 14.11 की औसत और 8 अर्द्धशतकों के साथ 3,288 रन बनाए। इनमें से अधिकांश रन टेस्ट में आए, जिसमें 15.48 की औसत से 2,245 रन बने, जिसमें 7 अर्द्धशतक शामिल थे। टेस्ट में उन्होंने 98 छक्के लगाए हैं। ऐसा कर वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले प्लेयरों की सूची में चौथे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की है।

बता दें कि अपने विदाई टेस्ट में 423 रनों से जीत के बाद टिम साउथी ने अपने दोस्तों, परिवार और टीम के सभी साथियों को धन्यवाद दिया, जो 17 साल से अधिक समय से उनकी यात्रा का हिस्सा थे। साउथी अब एक प्रशंसक के रूप में खेल देखने के लिए उत्सुक हैं। साउथी के लिए विदाई टेस्ट यादगार रहा। कीवी टीम ने इंग्लैंड को 658 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे इंग्लैंड ने 423 रनों से गंवा दिया। साउदी ने पहली पारी में 23 रनों की पारी खेलते हुए तीन तीन छक्के लगाए थे। लेकिन वह 100 टेस्ट छक्कों के आंकड़े तक पहुंचने से सिर्फ दो कदम पीछे रह गए। अंतिम पारी में उन्हें बेन डकेट और जैकब बेथेल के विकेट मिले।

कड़ाके की ठंड का शिकागो में आनंद ले रहे कमल हासन



मुंबई

आजकल दिग्गज अभिनेता कमल हासन शिकागो में फुरसत के पल बिता रहे हैं। कमल हासन ने वहां की कड़ाके की ठंड का आनंद लेते हुए अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। कमल हासन एक पुल पर खड़े होकर पोज देते नजर आए।

उनके पीछे शिकागो की बड़ी-बड़ी इमारतों का नजारा दिखाई दे रहा है। कमल ने अपने पोस्ट में लिखा, शिकागो में भी ठंड है! कमल के इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्रिटीज ने जमकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेता रणवीर सिंह ने भी उनके पोस्ट पर कमेंट किया, जिससे यह और ज्यादा चर्चा में आ गया।

हालांकि, कमल हासन ने यह खुलासा नहीं किया कि वह शिकागो में किस मकसद से गए हैं। कमल हासन जल्द ही मणिरत्नम की आगामी फिल्म ठग लाइफ में नजर आएंगे। इस प्रोजेक्ट की जानकारी उन्होंने नवंबर में एक लंबा नोट लिखकर दी थी। इस नोट में उन्होंने फैंस से खास अपील की थी। अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) पोस्ट में कमल हासन ने फैंस द्वारा उन्हें दी जाने वाली उपाधियों, जैसे उलगानायगन (तमिल में लोकनायक) के प्रति आभार व्यक्त किया, लेकिन साथ ही विनम्रता से इन उपाधियों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। उन्होंने लिखा, मैं सिनेमा का एक आजीवन छात्र हूं। कला किसी एक व्यक्ति से परे है और यह कई कलाकारों, तकनीशियनों और दर्शकों के सहयोग का नतीजा है।

कमल हासन ने आगे कहा कि वह खुद को सुधारने और सीखने की प्रक्रिया में विश्वास करते हैं। उन्होंने लिखा, यह मेरा विनम्र विश्वास है कि कलाकार को कला से ऊपर नहीं रखा जाना चाहिए। मैं सम्मानपूर्वक सभी तरह की उपाधियों को अस्वीकार करने के लिए बाध्य हूं। उन्होंने अपने प्रशंसकों, मीडिया और फिल्म बिरादरी से अनुरोध किया कि अब से उन्हें केवल कमल हासन, कमल या केएच के नाम से ही पुकारा जाए।

महाभारत मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है, डर लगता है कहीं कोई गलती ना हो जाए

मुंबई

किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापता लेडीज को जबसे ऑस्कर अवॉर्ड्स में ऑफिशियल एंट्री मिली है, तबसे फिल्म के प्रोड्यूसर और एक्टर आमिर खान भी बहुत सक्रिय हो गए हैं। आमिर ने अपनी फिल्म के लिए ऑस्कर कैम्पेन की शुरूआत की है और इसके प्रमोशन में जुट गए हैं। एक साक्षात्कार में आमिर ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत को स्क्रीन पर लाने का काम उन्होंने कुछ समय पहले शुरू किया था। आमिर ने बताया कि वह अपने ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम करने से क्यों डर रहे हैं।

आमिर पिछले कई सालों से महाभारत को पूरे ग्रैंड स्केल के साथ स्क्रीन पर लाना चाहते हैं। रिपोर्ट्स में सामने आया था कि उन्होंने लंबे समय तक इस प्रोजेक्ट की तैयारी और रिसर्च करने के बाद इससे पीछे हटने का फैसला लिया था। अब आमिर ने अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि ये मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है और ये बहुत डरावना प्रोजेक्ट है। ये बहुत विशाल है और मुझे डर लगता है कि इसे बनाने में मुझसे कोई गलती ना हो जाए। ये एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि भारतीय होने के नाते ये हमारे बहुत करीब है, ये हमारे खून में है। इसलिए मैं इसे एकदम सटीक तरीके से बनाना चाहता हूं। मैं हर भारतीय को गर्व महसूस करवाना चाहता हूं। मैं दुनिया को यह दिखाना चाहता हूं कि भारत के पास क्या है। मुझे नहीं पता ये कब बनेगी, लेकिन ये ऐसा प्रोजेक्ट है जिसके लिए मैं काम करना चाहता हूं।

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने ऑस्कर अवॉर्ड्स जीतने के सपने को लेकर कहा कि अगर लापता लेडीज ने इंडिया के लिए ऑस्कर जीत लिया तो लोग क्रेजी हो जाएंगे। आमिर ने ऑस्कर जीतने की उम्मीद पर कहा कि मुझे नहीं पता कि एक कॉम्पिटीशन को कितना सीरियसली लिया जाना चाहिए, लेकिन मुझे बहुत खुशी होगी। आमिर ने कहा कि जब कोई फिल्म ऑस्कर जीतती है तो लोग उसे और ज्यादा देखना चाहते हैं और इससे फिल्म को दुनिया की ऑडियंस मिलती है। अगर हम ऑस्कर जीते तो लोग पागल हो जाएंगे। मुझे बड़ी खुशी होगी अगर मैं अपने देश के लोगों के लिए ये अवॉर्ड जीत सकूं। आमिर की अगली फिल्म सितारे जमीं पर का शूट हाल ही में खत्म हुआ है। ये फिल्म 2025 की गर्मियों में रिलीज होगी। इसके अलावा आमिर, रजनीकांत स्टारर फिल्म कुली में एक बड़ा कैमियो करने वाले हैं।

महाभारत मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है, डर लगता है कहीं कोई गलती ना हो जाए

मुंबई

किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापता लेडीज को जबसे ऑस्कर अवॉर्ड्स में ऑफिशियल एंट्री मिली है, तबसे फिल्म के प्रोड्यूसर और एक्टर आमिर खान भी बहुत सक्रिय हो गए हैं। आमिर ने अपनी फिल्म के लिए ऑस्कर कैम्पेन की शुरूआत की है और इसके प्रमोशन में जुट गए हैं। एक साक्षात्कार में आमिर ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत को स्क्रीन पर लाने का काम उन्होंने कुछ समय पहले शुरू किया था। आमिर ने बताया कि वह अपने ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम करने से क्यों डर रहे हैं।

आमिर पिछले कई सालों से महाभारत को पूरे ग्रैंड स्केल के साथ स्क्रीन पर लाना चाहते हैं। रिपोर्ट्स में सामने आया था कि उन्होंने लंबे समय तक इस प्रोजेक्ट की तैयारी और रिसर्च करने के बाद इससे पीछे हटने का फैसला लिया था। अब आमिर ने अपने इस ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि ये मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है और ये बहुत डरावना प्रोजेक्ट है। ये बहुत विशाल है और मुझे डर लगता है कि इसे बनाने में मुझसे कोई गलती ना हो जाए। ये एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि भारतीय होने के नाते ये हमारे बहुत करीब है, ये हमारे खून में है। इसलिए मैं इसे एकदम सटीक तरीके से बनाना चाहता हूं। मैं हर भारतीय को गर्व महसूस करवाना चाहता हूं। मैं दुनिया को यह दिखाना चाहता हूं कि भारत के पास क्या है। मुझे नहीं पता ये कब बनेगी, लेकिन ये ऐसा प्रोजेक्ट है जिसके लिए मैं काम करना चाहता हूं।

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान ने ऑस्कर अवॉर्ड्स जीतने के सपने को लेकर कहा कि अगर लापता लेडीज ने इंडिया के लिए ऑस्कर जीत लिया तो लोग क्रेजी हो जाएंगे। आमिर ने ऑस्कर जीतने की उम्मीद पर कहा कि मुझे नहीं पता कि एक कॉम्पिटीशन को कितं५ना सीरियसली लिया जाना चाहिए, लेकिन मुझे बहुत खुशी होगी। आमिर ने कहा कि जब कोई फिल्म ऑस्कर जीतती है तो लोग उसे और ज्यादा देखना चाहते हैं और इससे फिल्म को दुनिया की ऑडियंस मिलती है। अगर हम ऑस्कर जीते तो लोग पागल हो जाएंगे। मुझे बड़ी खुशी होगी अगर मैं अपने देश के लोगों के लिए ये अवॉर्ड जीत सकूं। आमिर की अगली फिल्म सितारे जमीं पर का शूट हाल ही में खत्म हुआ है। ये फिल्म 2025 की गर्मियों में रिलीज होगी। इसके अलावा आमिर, रजनीकांत स्टारर फिल्म कुली में एक बड़ा कैमियो करने वाले हैं।

विशेष सूचना

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।

सारिका
डेक्स एडिटर
7500992656

नाथीराम कश्यप
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

शादाब अली
देहरादून
मो. 9897139325

शमशाद अहमद
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

अमित कुमार मंगोलिया
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल
जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर,
हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा
हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार